नई दिल्ली
शुक्रवार, 22 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 27, अंक : 347
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 16.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



09 अशोक, परमजीत को पैरालंपिक कोटा


## पूरे उत्साह के साथ करें फिर से शुरूआत
## NEET / JEE

**Aakash**
Medical | IIT-JEE | Foundations

NEET (UG)

JEE (Advanced)




and many more...

and many more...

Though every care has been taken to publish the result, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for inadvertent error, if any.

## प्रवेश प्रारम्भ

**कक्षा 8वीं-10वीं** में अध्ययनरत छात्रों के लिए
इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
**School Boards / Olympiads / NTSE**
Batches Starting from: 22nd-31st March

**कक्षा 10वीं** से 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए
2 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
**NEET / JEE**
Batches Starting from: 22nd-31st March

**कक्षा 11वीं** से 12वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए
1 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
**NEET / JEE**
Batches Starting from: 22nd-31st March

**कक्षा 12वीं** में उपस्थित / उत्तीर्ण छात्रों के लिए
ड्रॉपर / रिपीटर कोर्सेज
**NEET / JEE**
Batches Starting soon

**रिपीटर कोर्सेज**
NEET / JEE 2025

**क्रैश कोर्स**
NEET | JEE 2024
Medical - Batches Starting from: 22nd-31st March
Engineering - Enrollment Started

इंस्टेन्ट एडमिशन व स्कॉलरशिप टेस्ट (iACST) में भाग लें और
**90% तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें।**
निःशुल्क नामांकन के लिए: iacst.aakash.ac.in पर जाएँ या दिए गए कोड को स्कैन करें।
*नियम व शर्तें लागू

- ओमनी चैनल लर्निंग
- सावधानीपूर्वक तैयार की गई अध्ययन सामग्री
- नियमित टेस्ट व मूल्यांकन
- 35+ वर्षों से शानदार परिणाम
- 1,22,000+ आकाशियन्स क्वालिफाइड NEET & JEE 2023
- देशभर में 300+ ब्रांचेज़

### मेडिकल (NEET)
- ☑ ऑडीप्रेप-NEET के लिए ऑडियोबुक
- ☑ Know Your NCERT
- ☑ NCERT Maps-NEET
- ☑ NEET चैलेंजर

### इंजीनियरिंग (JEE)
- ☑ JEE चैलेंजर
- ☑ अध्ययन सामग्री के वीडियो द्वारा हल
- ☑ JEE Archive, Spotlight Program
- ☑ स्कल क्रशर क्विज

### फाउण्डेशन (कक्षा 8-10)
- ☑ एक्टिविटी आधारित लर्निंग
- ☑ क्विज और वर्कशॉप
- ☑ एक्सपेरिमेंट पर आधारित वीडियो
- ☑ फ्लैश कार्ड्स और लेक्चर PPTs

**Call Your Nearest Branch:** **Janakpuri (Med. Wing):** 8800013110, 9289723822, 7428399931 **Janakpuri (Engg. & Fdn. Wing):** 8800013017, 9319690348, 9350497647 **Dwarka:** 8800013019, 9205781715, 9205781716 **Faridabad:** 8800013022 **NIT Faridabad:** 8800729482 **Model Town:** 8800522353, 9560197324 **Preet Vihar:** 8800909325, 011-44469831 / 32 **Punjabi Bagh:** 8800901554, 9560197322 **South Ex (Med. Wing):** 8800013111 **South Ex (Engg. Wing):** 8800015936 **South Ex (Fdn. Wing):** 8800013018 **Gurugram (Sector-14):** 8800840109, 9958064196 **Gurugram (Sector-49):** 8800845034, 9289514345 **Greater Noida:** 8800013024 **Greater Noida West:** 8800187908 **Noida (Sector-18):** 8800013020 **Noida (Sector-62):** 8800013021 **Najafgarh:** 8800735460, 9311992032, 8448389729 **Pitampura (Med. Wing):** 8800473922, 9311272550 **Pitampura (Engg. Wing):** 8800710382, 9560292026 **East Patel Nagar:** 8447299285/386, 8383911979 **Rohini:** 8800945728, 9289647512 **Vasant Kunj:** 8800185967 **Jasola Vihar:** 8800189035, 9599187524 **Sonipat:** 8800898137, 9289054590, 9289738918 **Palwal:** 8800013038 **Rewari:** 9053008274, 9053008275 **Narnaul:** 8800013042, 9599289824, 9599289826 **Bhiwadi:** 8800956127, 9289339729 **Bahadurgarh:** 8800901820, 9311992031, 9289031693 **Ghaziabad:** 8826050181, 8826050187 **Bulandshahr:** 7428293980, 8800902549

नजदीकी ब्रांच के लिए कोड को स्कैन करें

CALL (TOLL-FREE) **1800-102-2727** | VISIT **aakash.ac.in**

Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations

# जेएनयूएसयू अध्यक्ष पद के लिए बहस : छात्र संगठन मणिपुर हिंसा, सीएए, चुनावी बॉन्ड पर आमने-सामने

## सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश वी रामासुब्रमण्यम ने निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बहस की अध्यक्षता की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में 22 मार्च को होने वाले छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे विभिन्न संगठनों के उम्मीदवारों ने 'जय भीम,' 'भारत माता की जय,' और 'लाल सलाम' जैसे नारों के बीच बुधवार रात जोशीले भाषण दिए।

छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के बीच हुई बहस को देखने के लिए भारी संख्या में छात्र झेलम लॉन में एकत्रित हुए। झेलम लॉन में ढोल और तुरही की आवाज माहौल गूंज उठा। उम्मीदवारों के बीच बहस शुरू होने से पहले छात्रों और विभिन्न संगठनों के समर्थकों ने अपने-अपने नेताओं के समर्थन में नारे लगाए। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश वी रामासुब्रमण्यम ने निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बहस की अध्यक्षता की।

### हाईकोर्ट नियुक्त किया था पर्यवेक्षक

दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते ही जेएनयू छात्रा संघ (जेएनयूएसयू) चुनावों के लिए पर्यवेक्षक के रूप में उन्हें नियुक्त किया था। विभिन्न छात्र संगठनों के उम्मीदवारों ने मणिपुर हिंसा, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, किसानों का विरोध, चुनावी बॉन्ड और इजराइल-फलस्तीन संघर्ष सहित कई मुद्दों को इस दौरान उठाया। उन्होंने मतदाताओं से विजयी बनाने की अपील करते हुए विश्वविद्यालय से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की।



### अध्यक्ष पद पर केवल एक महिला उम्मीदवार

समाजवादी पार्टी की छात्र शाखा से जेएनयूएसयू चुनाव की अध्यक्ष पद की एकमात्र महिला उम्मीदवार अराधना यादव के भाषण के साथ बहस की शुरुआत हुई। अराधना यादव ने भाषण के दौरान विश्वविद्यालय की सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ भेदभाव सहित अन्य मुद्दों पर बात की और निर्वाचित होने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आरक्षण की वकालत करने का वादा किया।

### वाम गठबंधन ने बढ़ी फीस का मुद्दा उठाया

संयुक्त वाम गठबंधन के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार धनंजय ने अपने भाषण की शुरुआत 'लाल सलाम' का नारा लगाते हुए की। उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा लिए गए उच्च शिक्षा अनुदान एजेंसी (एचईएफए) ऋण के कारण बढ़ी हुई फीस का मुद्दा उठाया। धनंजय ने अन्य मुद्दों के अलावा बेरोजगारी, भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रवेश के माध्यम से शिक्षा के व्यावसायीकरण के विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने विश्वविद्यालय में पानी, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों से निपटने का वादा किया। इसी के साथ उन्होंने देशद्रोह के आरोप के तहत हिरासत में लिए गए छात्र नेताओं की रिहाई की मांग की।

### छात्र अधिकारों के लिए करेंगे कामः एबीवीपी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबंधित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार उमेश चंद्र अजमीरा ने छात्र संघ चुनाव में अपनी जीत का विश्वास जताया। उन्होंने छात्र अधिकारों के लिए काम करने का वादा किया और एबीवीपी के तहत विकास कार्य होने का दावा भी किया। कांग्रेस से संबद्ध एनएसयूआई के उम्मीदवार जुनैद रजा और बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन (बीएपीएसए) के विश्वजीत मिंजी ने भी जोशीले भाषण दिए। उन्होंने वामपंथी और दक्षिणपंथी दोनों समूहों की आलोचना की और छात्र समुदाय से उन्हें वोट देने की अपील की।

### आज होगा मतदान, मतगणना 24 को

जेएनयू में छात्र संघ चुनाव के लिए 22 मार्च को मतदान होगा। वहीं, 24 मार्च को परिणामों की घोषणा की जाएगी।

---

**खबर संक्षेप**

### हरिश्चंद्र अस्पताल में महिला के साथ मारपीट

**नई दिल्ली।** नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में मरीजों के साथ मारपीट के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले महीने एक महिला मरीज को थप्पड़ जड़ने का मामला सामने आया था तो वहीं, गुरूवार को एक महिला ज्योति ने अस्पताल के डॉक्टरों ने मुंह पर थप्पड़ जड़ने और पेट में लात मारने के आरोप लगाए हैं। इस दौरान अन्य मरीज भी मौजूद बताए गए। मरीज ने बताया कि यह दोपहर करीब 12 बजे की घटना है और प्रशासन चाहे तो कक्ष में कैमरे भी जांच सकते हैं। महिला ने यह भी बताया कि इस घटना के बाद डॉक्टर भाग गए। वहीं, इस संबध में अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक, उप चिकित्सा अधीक्षक से भी संपर्क किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इस संबध में रोगी कल्याण समिति के पूर्व सदस्य जोगेंद्र मान का कहना है कि अस्पताल में हुई इस घटना की निंदा करते हैं और इसमें जो भी दोषी हैं, कड़ी कार्रवाई की मांग करते है। वहीं, शीला सरकार कार्यकाल के दौरान रोगी कल्याण समिति में सदस्य रहे सुरेंद्र महरोलिया ने बताया कि उपचार के साथ यदि व्यवहार अच्छा हो तो रोगी जल्द स्वस्थ होता है लेकिन महिला के साथ मारपीट पर दिल्ली महिला आयोग व अस्पताल प्रशासन को जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

### ड्रंकन ड्राइविंग को लेकर ट्रैफिक पुलिस हुई सख्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ड्रंकन ड्राइविंग को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। बुधवार रात पूर्वी रेंज, सेंट्रल रेंज और उत्तरी रेंज में करीब दो घंटे तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। स्थानीय पुलिस कर्मचारियों के साथ लगभग 250 ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने 22 स्थानों पर बैरिकेड्स लगाकर चेकिंग की और 428 चालान जारी किए गए। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि संबंधित डीसीपी/एसीपी/टीआई द्वारा अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में विशेष जांच की बारीकी से निगरानी की गई। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कुल 428 चालान जारी किए गए। विशेष अभियान का मुख्य फोकस शराब पीकर गाड़ी चलाना, ओवरलोड वाहन और दोषपूर्ण नंबर प्लेट था। दिल्ली में सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखने की बात दिल्ली पुलिस द्वारा कही गई है।

---

घायल का चल रहा अस्पताल में इलाज

# वेलकमः दो मंजिला इमारत गिरी, दो मजदूरों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वेलकम इलाके में बुधवार आधी रात दो मंजिला इमारत भरभराकर गिर गई। ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद तीन लोग मलबे में दब गये थे। सभी को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया। एक उपचाराधीन है।



पुलिस ने मामले में लापरवाही से हुई घटना का मुकदमा दर्ज किया है। मरने वालों के नाम अरशद (30) और तौहिद (20) व घायल का नाम रेहान (22) है। पुलिस के मुताबिक देर रात 2 बजकर 16 मिनट पर इस घटना की सूचना मिली थी। बताया गया कि डी 43 ए, गली नंबर चार कबीर नगर, वेलकम में दो मंजिला एक पुरानी निर्माणधीन इमारत ढह गई है। यह पता चलते ही पुलिस और दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके बाद रेसक्यू ऑपरेशन शुरु हुआ और मलबे में दबे तीन घायलों को अचेत हालत में बाहर निकाल जीटीबी हॉस्पिटल ले जाया गया। इनमें दो को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस हादसे को लेकर लापरवाही से हुई घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच को आगे बढ़ा रही है। प्रॉपर्टी मालिक का नाम शाहिद है। उसके 50-50 गज के दो मकान हैं। हादसे वाली इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर जींस की फैक्ट्री और पहली मंजिल खाली थी। इस इमारत के बगल में ही शाहिद के दूसरे मकान को तोड़ने का काम चल रहा था। इसका मलबा और ईंटें फैक्ट्री वाली इमारत की छत पर रची जा रही थी। यही कारण है कि टुकड़ी और टीआयरन से बनी छत उस वजन को सह ना सकी और ढह गई। हादसे के समय फैक्ट्री में काम कर रहा कटिंग मास्टर अरशद, उसका सहायक तौहीद और अरशद का दोस्त रेहान मलबे में दब गए। जिन्हें कटर की से लोहे के मलबे से निकाल हॉस्पिटल भेजा गया था। अरशद जींस की फैक्ट्री में करीब ढाई साल से कटिंग मास्टर था। देर रात तौहीद का दोस्त रेहान उनसे मिलने फैक्ट्री में आया हुआ था। प्रॉपर्टी मालिक शाहिद अभी फरार चल रहा है।

## मंत्री राय ने अधिकारियों को दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के कबीर नगर इलाके में एक इमारत गिरने से दो लोगों की मौत के मामले में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को मौके पर जाकर हालात का जायजा लिया और अधिकारियों को पूरे मामले की जांच करने के निर्देश दिए। इस बात की जानकारी उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर ट्वीट कर दी है। गोपाल राय ने एक्स पर लिखा कि बुधवार की रात कबीर नगर में एक पुरानी इमारत के ढह जाने से दो लोगों की मृत्यु की दुखद खबर मिली व एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। मोके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया व अधिकारियों को मामले की जांच के दिशा निर्देश दिए। एवं परिवारजनों से मिलकर उनका दुख साझा किया व हर सम्भव मदद वादा किया।



### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने व्यक्त की संवेदना

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली वेलकम क्षेत्र के कबीर नगर में एक दो मंजिला निर्माणाधीन इमारत गिरने से बुधवार देर रात हुए हादसे में दो लोगों की दुखद मृत्यु पर दिल्ली कांग्रेस ने शोक जताया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि कबीर नगर में देर रात एक दो मंजिला निर्माणाधीन इमारत हादसे में दो मजदूरों की मौत की दुखद खबर मिली। इस दुखद घटना में मृत मजदूरों व उनके परिवार के प्रति दिल्ली कांग्रेस गहरी संवेदना और घायलों के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना करती है। बता दें कि बुधवार देर रात करीब दो बजे कबीर नगर में एक दो मंजिला निर्माणाधीन इमारत के भरभरा कर गिरने से मलबे के नीचे दबने के कारण दो मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, वहीं तीसरे मजदूर को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### तोड़फोड़ की कंपन से गिरी इमारत : निगम

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शाहदरा उत्तरी जोन के अंतर्गत वेलकम कॉलोनी के कबीर नगर इलाके में गिरी एक इमारत को लेकर दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने गुरुवार को बताया कि यह इमारत करीब 40 साल पुरानी थी और इस इमारत का मालिक अपने निजी कारणों से उसे तोड़ रहा था जिसकी कम्पन से इमारत गिर गई। इस इमारत में कोई नया निर्माण कार्य नहीं चल रहा था। जिन दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई वो हादसे के समय भवन में मौजूद थे। निगम प्रशासन ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद दिल्ली नगर निगम के मेंटेनेंस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और यहां से मलबा हटाने का कार्य किया।

---

# एक साल में दिल्ली से नेपाल पहुंचाए पांच हजार से ज्यादा मोबाइल, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

## आरोपियों से 473 मोबाइल बरामद



क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से चोरी और छीने गए मोबाइल फोन को नेपाल में खपाने वाले रैकेट में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे 473 मोबाइल फोन बरामद हुये हैं। दो आरोपी नेपाली मूल के भी बताये गये हैं। इस रैकेट के पकड़े जाने से दिल्ली एनसीआर के 91 मामले सुलझाने का दावा पुलिस की तरफ से किया गया है। आरोपियों की दो कार भी जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार पकड़े गये लोगों में चंपावत, उत्तराखंड निवासी पारस जोशी, नेपाल निवासी इंदर बहादुर, मान सिंह, दिल्ली निवासी रविन्द्र मदान और सतीश शामिल हैं। इनके पास से मिले 280 मोबाइल दर्ज मामलों से कनेक्ट हुये हैं। तफ्तीश में खुलासा हुआ कि आरोपी इन मोबाइल फोन को नेपाल भेजते थे। इस गैंग में शामिल कुछ लोग पहले भी अरेस्ट किए जा चुके हैं। पूछताछ के दौरान पारस जोशी ने खुलासा किया कि वह मान सिंह के माध्यम से नेपाल निवासी उमेश के संपर्क में आया और मोबाइल दिल्ली से नेपाल भेजने लगा। हर डिलीवरी के एवज में उमेश उसे 10 हजार रुपए देता था। पारस और मान सिंह प्रत्येक शनिवार को दिल्ली में इंदर से मोबाइल फोन लेता था। इसके बाद पारस अपनी कार से उन्हें उत्तराखंड में भारत नेपाल सीमा पर पहुंचाता था। वहां से मान सिंह फोन को किश्तों में नेपाल के महेंद्र नगर ले जाता था। मान सिंह महेंद्र नगर में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की दुकान चलाता है और पिछले 4-5 सालों से उमेश के लिए काम कर रहा था। पिछले एक साल में पांच हजार से ज्यादा मोबाइल फोन नेपाल पहुंचाए जा चुके थे। पारस उत्तराखंड में मूर्गी फार्म भी चलाता है। आरोपी इंदर बहादुर उमेश का पड़ोसी है। वह उमेश के लिए पांच साल से काम कर रहा था। आरोपी सतीश बैटरी रिक्शा रिपेयर शॉप चलाता है। इसके साथ ही घर पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान भी कर रहा था। वहीं आरोपी रविन्द्र मदान नजफगढ़ में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की फैक्ट्री चला रहा था। दोस्त अनिल चावला के जरिए वह उमेश के संपर्क में आकर इस धंधे का हिस्सा बना था।

### रास्ता देने के पीछे विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी इलाके में रास्ता देने के पीछे हुए विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम राहुल (25) बताया गया है। केस में दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर आगे की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार 18 मार्च की रात 10 बजकर 10 मिनट पर बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल से चाकू लगने से घायल युवक को भर्ती कराए जाने की सूचना मिली थी। इलाज के दौरान घायल युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक शकूरपुर इलाके का रहने वाला था। वारदात के समय मृतक युवक के साथ उसका एक दोस्त भी मौजूद था। उसने पुलिस को बताया कि सोम बाजार रोड पर रास्ता देने के विवाद में तीन लोगों ने राहुल पर चाकू से हमला किया था। पहले पुलिस ने मामले में हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन घायल की मौत होने के बाद इस केस में हत्या की धारा जोड़ी गई। पुलिस को जांच में पता चला कि मृतक एक सप्ताह पहले ही बिहार से दिल्ली काम की तलाश में आया था। वह अपने ही पिता की हत्या के मामले में जमानत पर चल रहा था।


**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव **नाम:** मालूम नही, **पुत्र:** मालूम नही, **निवासी:** मालूम नही, **उम्र:** लगभग 38-40 वर्ष, **रंग:** गेंहुआँ, **कद:** 5'7", **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** मध्यम **पहनावा:** ग्रे रंग की कमीज और भूरे रंग की पैंट पहने है जो कुली हॉल, PG की तरफ निकास द्वार न. 01, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली पर मृत पाया गया था। इस बाबत **FIR/DD No. 43A dt. 19.03.2024 थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

**हस्ता/- थानाध्यक्ष**
**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोन : 8750871305**

**DP/3313/RLY/2024**

**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, जो दिनांक 10.03.2024 को दोपहर 12:25 बजे दिल्ली के मंगोलपुरी रेलवे स्टेशन के पास KM Pole no. 14/20 - 14/18 DN Line पर मृत पाया गया। इस संबंध में **डीडी संख्या 23ए, दिनांक 10.03.2024,** को **पुलिस थाना एसआरआरएस, दिल्ली** में दर्ज किया गया है।

इस अज्ञात मृत व्यक्ति का विवरण इस प्रकार है :

**लिंग** : पुरुष, **उम्र** : लगभग 45–50 वर्ष, **कद** : 5'5", **रंग** : गेहुंआ, **चोट के निशान** : ट्रेन से कुचला हुआ सिर, **पहनावा** : आसमानी रंग का सफारी सूट।

इस अज्ञात मृत शरीर के बारे में यदी कोई जानकारी मिले तो कृपया एसएचओ/एसआरआरएस, दिल्ली को सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस थाना सराय रोहिल्ला**
**रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोन नं. : 8750871308**

**DP/3395/Rly/2024**

ई–मेल : **sho-rly-srohila-dl@delhipolice.gov.in**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/FSO/279

हमकि (1) रेखा देवी विधवा व (2) सन्दीप पुत्र सत्यमान पुत्र कंवल सिंह, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3698 विरासत, के अनुसार खेवट न0 85/61, खाता न0 85, मु0 न0 34, किला न0 4/2(0–14), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 14 मरले का 1/25 भाग, बकदर 0 कनाल 0 मरला 5 सरसाई (0.0034722 एकड़) (जिसमें रेखा देवी – सन्दीप हर दो समभाग) वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 34, किला न0 4/2 मिन मध्य (0–0–5), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 0 मरला 5 सरसाई (0.0034722 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 21.03.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


---

चरस वाला बैग छोड़कर मेट्रो स्टेशन से भागा था

# वाइफ का लाइफ स्टाइल बेहतर करने ड्रग तस्करी के धंधे में उतरा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पुलिस से बचने के लिये मेट्रो और बाइक टैक्सी से करता था तस्करी

आईजीआई मेट्रो पुलिस ने ड्रग तस्करी के धंधे में शामिल एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सोनीपत निवासी निशांत बताया गया है। उसके पास से 740 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली चरस बरामद हुई। पुलिस पकड़े गये शख्स से पूछताछ कर ड्रग्स सप्लाई की चेन तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

डीसीपी रामगोपाल नायक के अनुसार सीआईएसएफ कर्मियों के द्वारा मेट्रो पुलिस को सूचना दी गई थी कि एक शख्स सेक्टर 10 मेट्रो स्टेशन पर बैग छोड़कर भाग गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उस बैग को डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते से चेक कराया गया। बैग से 30 प्लास्टिक के पाउच निकले। उनमें चरस भरी हुई थी। मामले में आईजीआई मेट्रो स्टेशन थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आगे की छानबीन शुरू हुई और आखिरकार द्वारका सेक्टर 11 मेट्रो स्टेशन पर आरोपी शख्स ट्रेस कर लिया गया। 740 ग्राम चरस खानपुर स्थित उसके कमरे से बरामद हुई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह शादीशुदा है। लेकिन कमाई कम होने के कारण वह अपनी पत्नी को लाइफ स्टाइल अच्छा नहीं बना पा रहा था। इसने खानपुर इलाके में किराए पर कमरे भी लिया हुआ था। तंगी से उबरने के लिए और पत्नी की ख्वाहिशों को पूरा करने के लिये उसने शॉर्टकट से पैसा कमाने की योजना बनाई और फिर ड्रग तस्करी के धंधे में शामिल हो गया।



भजनपुरा इलाके का मामला

# सर्फ एक्सेल के नाम पर बनाया जा रहा था नकली वाशिंग पाउडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- एक गिरफ्तार, साढ़े 11 हजार से ज्यादा पैकेट बरामद

उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस ने 'सर्फ एक्सेल' के नाम पर नकली वाशिंग पाउडर बनाने की एक यूनिट का पर्दाफाश किया है। एक शख्स को अरेस्ट किया गया है। उसकी निशानदेही पर 11,640 पैकेट नकली पाउडर, 1470 किलो कच्चा माल, दो पैकेजिंग, सीलिंग व फिलिंग मशीनों के साथ एक टैंपो जब्त हुआ है। पकड़े गये शख्स का नाम शाहजहांपुर, यूपी निवासी श्यामू (29) बताया गया है। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार 19 फरवरी को वाशिंग पाउडर बनाने और उसकी आपूर्ति के संबंध में शिकायत मिली थी। बताया गया कि कुछ लोग उनकी कंपनी के नाम से नकली पाउडर बना रहे हैं। इस बाबत कॉपीराइट एक्ट से जुड़ी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जांच डीआईयू शाखा को सौंपी गई। पुलिस टीम ने भजनपुरा क्षेत्र में छापा मारा तो शिकायत सही पाई गई। एक आरोपी को दबोच नकली माल जब्त किया गया। शख्स ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह दिल्ली, एनसीआर और यूपी में इसकी आपूर्ति कर रहा था। इस धंधे में कुछ और लोग भी इसके साथ जुड़े हैं। अब पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।



नई दिल्ली
शुक्रवार, 22 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 27, अंक : 347
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 36
न्यून. 21

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जयपुर में आग से 5 जिंदा जले, 3 बच्चे भी



**जयपुर।** शहर के विश्वकर्मा में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक मकान में भीषण आग लगने से 5 लोगों की जलकर मौत हो गई। विश्वकर्मा के जैसल्या गांव में आग की चपेट में तीन मासूम बच्चों समेत पूरे परिवार की मौत हो गई। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। मृतक बिहार के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने एफएसएल को बुलाया है।

### वॉट्सएप यूजर्स का खाली हो सकता है बैंक अकाउंट



**नई दिल्ली।** दुनिया के सभी एंड्रॉयड वॉट्सएप यूजर्स के लिए सबसे बड़ी चेतावनी है। आपका वॉट्सएप किसी भी वक्त हैक हो सकता है और बैंक अकाउंट को भी खाली किया जा सकता है। दरअसल यह पूरा मामला एक मैलवेयर से जुड़ा है जिसका नाम पिक्सपायरेट है। इसको लेकर आईबीएम ट्रस्टीयर ने अलर्ट जारी किया है।

### धोनी ने छोड़ी कप्तानी ऋतुराज को कमान



**नई दिल्ली।** आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक चेन्नई सुपर किंग्स ने आगामी आईपीएल सीजन से पहले टीम में बड़ा बदलाव किया है। एमएस धोनी की जगह सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ चेन्नई सुपर किंग्स के नए कप्तान बन गए हैं। आईपीएल के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने इसकी पुष्टि की।

### अन्नाद्रमुक नेता के परिसरों पर ईडी के छापे



**चेन्नई।** ईडी ने धन शोधन मामलों की जांच के सिलसिले में अन्नाद्रमुक नेता और तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सी विजय भास्कर और चेन्नई के एक रियल इस्टेट समूह के परिसरों पर छापे मारे। दो मामलों के तहत एजेंसी द्वारा लगभग 25 परिसरों में कार्रवाई की जा रही है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विजय भास्कर तमिलनाडु के पुदुकोट्टई से अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता हैं।

### दो घंटे की पूछताछ के बाद उनके आवास से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया

# करीब 3 हजार करोड़ के शराब घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार

*ईडी के समन को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताने वाले सीएम अरविंद केजरीवाल आखिरकार गुरुवार रात 9.13 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। आज सुप्रीम कोर्ट में सीएम अरविंद केजरीवाल के मामले में सुनवाई हो सकती है। आम आदमी पार्टी की तरफ से ही राहत के लिए याचिका दायर की गई है।*



ईडी का 9वां समन दरकिनार किया, गुरुवार को दिया था दसवां समन, तब भी हाजिर नहीं हुए

रात 9:13 बजे गिरफ्तार किया और रात 11 बजे ईडी अपने साथ दफ्तर ले गई, आज पीएमएलए कोर्ट में होगी पेशी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

करीब 3 हजार करोड़ के शराब घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल को गुरुवार रात 9.13 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले शाम 7 बजे ईडी के 12 अफसरों की टीम केजरीवाल के आवास पर पहुंची थी।

दो घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने कहा कि केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। रात 9. 13 बजे उनको गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी की जांच के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर नेता, मंत्री और कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने सीएम केजरीवाल के घर के बाहर धारा 144 लागू ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अब 'तिहाड़ जेल' से चलेगी सरकार

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि अब जेल से सरकार चलाई जाएगी। सीएम केजरीवाल अपना इस्तीफा नहीं देंगे।

सीएम आवास के बाहर आप के कई समर्थकों ने जोरदार प्रदर्शन किया

सीएम केजरीवाल के घर के आसपास धारा 144 लागू और फोन जब्त

दिल्ली हाईकोर्ट ने भी गिरफ्तारी से बचाव की अंतरिम राहत नहीं दी

अर्जेंट सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट गई आप को नहीं मिली राहत कोर्ट ने कहा शुक्रवार को सुनेंगे



### दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष का दावा

#### अब तक करीब 600 लोगों को गिरफ्तार किया गया

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि सभी जानते हैं कि मनीष सिसौदिया को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अब तक 600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वे चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहते हैं।



### वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दी दलील

#### ईडी को गिरफ्तारी की आवश्यकता को प्रदर्शित करना चाहिए

केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुनवाई के दौरान दलील दी कि चुनाव नजदीक होने के कारण ईडी इस चरण में गैर-स्तरीय खेल का प्रयास कर रहा है और समन में यह नहीं बताया गया है कि केजरीवाल को किस क्षमता से शारीरिक रूप से उपस्थित होने के लिए बुलाया गया है। एकमात्र वस्तु है मेरे पार्लर में आओ, कॉफी मत ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ईडी ने किया था बड़ा दावा

#### आप नेताओं को 100 करोड़ पहुंचाए गए

*ईडी ने सोमवार को जारी रिलीज में कई दावे किए थे। प्रेस रिलीज में अरविंद केजरीवाल का नाम पहली बार लिखते हुए ईडी ने ये दावा किया था कि जांच में आरोपी के. कविता के साथ केजरीवाल का नाम भी जुड़ा है। ईडी के मुताबिक जांच में खुलासा हुआ है कि नई आबकारी नीति से लाभ उठाने के लिए के.कविता ने आप पार्टी के नेताओं, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ मिलकर साजिश रची। दावे के मुताबिक नई आबकारी नीति से निजी लाभ पाने की एवज में आप पार्टी नेताओं तक 100 करोड़ रुपए पहुंचाए गए। साजिश के तहत नई शराब नीति में होलसेलर्स जरिए लगातार रिश्वत का पैसा आप पार्टी तक पहुंचाया जाता रहा। साजिश के तहत साउथ लॉबी द्वारा एडवांस में दी गई करोड़ों रुपए की रिश्वत को शराब पर प्रॉफिट मार्जिन बढ़ाकर वसूलना और इस नीति से दोगुना मुनाफा कमाना था।*

### सुप्रीम कोर्ट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का हलफनामा

# चुनाव आयोग को सौंपा गया इलेक्टोरल बॉन्ड का सारा डेटा

साइबर सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक पार्टी का पूरा बैंक खाता नंबर पार्टी और बांड खरीदने वाले की केवाईसी जानकारी शेयर नहीं की गई



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। इसमें कहा गया कि उसने भारत के चुनाव आयोग को अल्फा न्यूमेरिक नंबर समेत सभी डिटेल दे दी है।

एसबीआई ने कहा कि हमारी तरफ से अब कोई भी जानकारी मौजूद नहीं है। हमने इलेक्टोरल बॉन्डस की सभी जानकारी इलेक्शन कमीशन को सौंप दी है। कोर्ट ने एसबीआई की ओर से पहले सौंपी गई जानकारी पूरी नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए गुरुवार शाम 5 बजे से पहले ▸▸ शेष पेज 5 पर

### एसबीआई ने दायर किया हलफनामा

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि हमने कोर्ट के आदेश के मुताबिक चुनावी बॉन्ड्स से जुड़ी सभी डिटेल तय समय से पहले ही इलेक्शन कमीशन को दे दी है। इस बार दी गई जानकारी में बॉन्ड का अल्फा न्यूमेरिक नंबर यानी यूनीक नंबर, बॉन्ड की कीमत, खरीददार का नाम, भुगतान पाने वाली पार्टी का नाम, पार्टी के बैंक अकाउंट की आखिरी चार डिजिट नंबर, भुनाये गए बांड की कीमत और नंबर शामिल हैं। साइबर सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक पार्टी का पूरा बैंक खाता नंबर, पार्टी और बांड खरीदने वाले की केवाईसी जानकारी शेयर नहीं की गई है।

### सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान और पूनिया को हरियाणा की जिम्मेदारी

# भाजपा ने 3 राज्यों में प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्ति किए

आंध्रप्रदेश में भाजपा के चुनाव प्रभारी की कमान राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह को

प्रवेश वर्मा को राजस्थान का चुनाव सहप्रभारी बनाया, नागर हरियाणा में सहप्रभारी नियुक्त



विनय सहस्त्रबुद्धे



डॉ.सतीश पूनिया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तीन राज्यों में प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह चुनाव प्रभारी की नियुक्ति की है। राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य विनय सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान का प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान का प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि सह प्रभारी विजया राहटकर को बनाया गया है. राहटकर के ▸▸ शेष पेज 5 पर

### हाईकोर्ट ने दिया है आदेश: भोजशाला विवाद काफी पुराना, हिंदू पक्ष ने दावा किया कि यह देवी सरस्वती का मंदिर

# ज्ञानवापी की तरह ही 'धार भोजशाला' का आज से शुरू होगा एएसआई सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

धार जिले के भोजशाला का ज्ञानवापी की तरह सर्वे किया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग शुक्रवार से सर्वेक्षण शुरू करने जा रहा है। सर्वे के दौरान मुख्य रूप से यह बात सामने आ सकती है कि यहां किस तरह के सिंबल हैं। यहां पर किस तरह की वास्तुकला है? साथ ही यह भी साफ हो जाएगा कि ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### *अलाउद्दीन खिलजी ने 1305 ईस्वी में भोजशाला को नष्ट कर दिया था*



1875 में खुदाई करने पर यहां से मां सरस्वती की एक मूर्ति निकली थी, जिसे मेजर किंकैड लंदन लेकर चले गए।

11वीं शताब्दी में मध्य प्रदेश के धार जिले में परमार वंश का राज हुआ करता था। 1000 से 1055 ईस्वी तक राजा भोज धार के शासक हुआ करते थे। वह देवी सरस्वती के बहुत बड़े भक्त थे। 1034 ईस्वी में राजा भोज ने एक ▸▸ शेष पेज 5 पर

### आयोग ने मंत्रालय से तुरंत स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा

# केंद्र के विकसित भारत संपर्क वाले मैसेज पर चुनाव आयोग की 'रोक'

***मंत्रालय ने चुनाव आयोग को बताया कि विकसित भारत संपर्क वाले मैसेज आदर्श आचार संहिता के लागू होने से पहले भेजे गए थे।***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से ही चुनाव आयोग सख्त हो गया है। अब चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार के एक प्रचार पर प्रतिबंध लगाया है।




'विकसित भारत संपर्क' के बैनर तले केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताने वाले वॉट्सएप मैसेज पर चुनाव आयोग ने रोक लगा दी है। इसको लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की गई थी और ▸▸ शेष पेज 5 पर

### आयकर विभाग की कार्रवाई पर राहुल गांधी ने घेरा पीएम को

# चुनावी मौसम में कांग्रेस के खाते हुए फ्रीज,पार्टी नेतृत्व को आया पसीना

सत्ता की शह पर सब कुछ हो रहा है लोकतंत्र को बड़ा खतरा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऐसा शायद पहली बार हुआ होगा कि किसी मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के दो पूर्व अध्यक्ष और एक वर्तमान अध्यक्षों ने मिलकर किसी मसले पर केंद्र सरकार को निशाने पर लिया हो।

शायद ऐसा पहली बार हुआ होगा कि कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता इसीलिये आयकर विभाग द्वारा 'फ्रिज' कर दिया हो कि आयकर का रिटर्न तय मियाद में नहीं भरा गया। शायद ऐसा सियासी इतिहास में पहली बार हुआ हो किसी राजनीतिक दल पर दो सौ करोड से ज्यादा का 'डिमांड' आयकर विभाग ने चस्पां कर दिया हो। ये सब



हुआ। देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के साथ हुआ। सो, कांग्रेस का संपूर्ण शीर्ष नेतृत्व हांफ रहा है। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी ने एकसुर में इस बात का आरोप लगाया कि से सब सत्ता की शह पर हो रहा है। भला किसी राजनीतिक दल पर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### रिटर्न फाइल नहीं करने पर आईटी का 'रिटर्न गिफ्ट'

इसके उलट भाजपा के प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी को घेरते हुए सवाल खडे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आयकर मुक्त राजनीतिक दलों को ये अख्तियार नहीं कि वो समय पर रिटर्न फाइल न करें। समय पर चंदे की उचित जानकारी मुहैया न करायें। उन्होंने बताया कि हर वित्तीय वर्ष में सभी राजनीतिक दलों को उचित समय पर रिटर्न फाइल करना होता है। कांग्रेस पार्टी ने इसमें कोताही बरती। जिस पर डिमांड ▸▸ शेष पेज 5 पर



## खबर संक्षेप

### शर्मा भाविपद केशव शाखा के अध्यक्ष चुने गए



**फरीदाबाद।** आज भारत विकास परिषद केशव शाखा का वार्षिक चुनाव प्रांतीय संरक्षक एन एन बंसल व प्रांतीय सेवा प्रमुख सुरेन्द्र जग्गा की अध्यक्षता में संमन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए राजेश शर्मा को अध्यक्ष , सतेन्द्र छाबड़ा को सचिव व महेश कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष मनीष मित्तल ने वर्ष भर में किए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

### बंफर रिपेयर करने वाली दुकान में लगी आग



**फरीदाबाद।** एनआईटी एक स्थित तिकोना पार्क में गाडियों के बंफर रिपेयर करने वाली एक दुकान में आग लग गई। सूचना पाकर थाना कोतवाली पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी राकेश कुमार ने बताया आग लगने की सूचना मिलते ही वे मौके पर जाकर अवलोकन किया। दुकान में बिजली की तारें खुली हुई थी।

### एक सप्ताह में 6508 वाहनों का चालान



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त यातायात ऊषा द्वारा यातायात को बहतर करने के लिए ओवर स्पीड वाहन चालको के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई करते हुए एसीपी ट्रैफिक जितेश मल्होत्रा के मार्गदर्शन में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते चालान काटकर जुर्माना लगाया है।

### महिला को तलाश कर किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने लापता महिला को तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। महिला 10 मार्च को बिना बताए घर से निकल गई थी। परिजनों ने लापता महिला के संबंध में थाना सेक्टर-8 में सूचना दी थी जिसपर मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही थी। मुकदमें में अपराध शाखा कैट की टीम के द्वारा भी कार्रवाई की जा रही थी।

### देशी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने देशी कट्टे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी आकाश को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-4 एरिया से काबू किया गया है।

---

आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन का निर्देश

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव को देखते हुए सभी शस्त्र लाइसेंस धारक अपने शस्त्र को थाना या गनहाउस में करवाए जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारत में वर्ष 2024 लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा की जा चुकी है। जिला फरीदाबाद सहित पूरे हरियाणा में 25 मई चुनाव की तारीख निर्धारित की गई है। चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार सहिता लागू हो चुकी है। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्वक चुनाव कराना फरीदाबाद पुलिस की प्राथमिकता है।

चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार सहिता लागू हो चुकी है। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्वक चुनाव कराना फरीदाबाद पुलिस की प्राथमिकता है।आदर्श आचार संहिता के नियमों के अंतर्गत हथियार जमा करने के दिए गए निर्देश की अनदेखी करने वालो के लाइसेंस किए जाएंगे रद्द



### जमा किए गए लाइसेंस शस्त्र की रिपोर्ट इलेक्शन सेल में अवश्य भेजें

*पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निर्देश अनुसार संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल ने सभी थाना प्रबंधक को उनके क्षेत्राधिकार में रहने वाले गांव व शहर के सभी लाइसेंस शस्त्र धारकों को अपने हथियार थाना या गनहाउस में जमा कराने के निर्देश किए है। सभी थाना प्रबंधक प्रति दिन थाना में जमा लाइसेंस शस्त्र की रिपोर्ट पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थित, इलेक्शन सेल में भेजना सुनिश्चित करें।*

### फरीदाबाद शहर में 3800 शस्त्र लाइसेंस धारक,679 हथियार जमा

फरीदाबाद में करीब 3800 शस्त्र लाइसेंस धारक है। चुनाव की घोषणा के साथ ही संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल द्वारा हथियार जमा करने के दिए गए निर्देश पर अभी तक 679 हथियार जमा किए जा चुके हैं। बाकी सभी अपना लाइसेंस शुदा हथियार असलाह को गन हाउस या अपने थाने में जमा कराएं। गन हाउस में जमा कराने पर अपने रिहायशी थाना को सूचित करें तथा थाना में लाइसेंस जमा कराने पर रसीद प्राप्त करें।

---

चुनाव के मद्देनजर डीएम व पुलिस कमिश्नर ने ली अधिकारियों की बैठक

# निर्वाचन का एक ही लक्ष्य चुनाव सकुशल संपन्न कराना, सतर्कता बरतें अधिकारी

लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को बताया कि जिस पद पर अधिकारी नियुक्त किया गया है उस पद की गरिमा, नियमों सहित अन्य की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

ईटीएस मोहनगर के सभागार में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र और जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल और पुलिस ऑफिसर के साथ बैठक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे डीएम ने कहा कि निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिस पद पर जो भी अधिकारी नियुक्त है उन्हें पद की गरिमा, नियमों सहित अन्य की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। इस बैठक के दौरान चुनाव संपन्न कराने संबंधी जानकारी दी गई। निर्वाचन में सभी की एक ही जिम्मेदारी हैं कि लोकसभा चुनाव को सकुशलता,शांति व गुणवत्ता के साथ संपन्न कराया जाए।

बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम प्रशासन श्री रणविजय सिंह, एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, परियोजना निदेशक श्री प्रदीप नारायण दीक्षित अन्य अधिकारियों सहित जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### चुनाव के दौरान वीडियोग्राफी एवं डिजिटल कैमरे का करें उपयोग



**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने 18वीं लोकसभा के मद्देनजर बैठक ली। उन्होंने कहा कि आम चुनाव प्रदेश में 25 मई को है। इसके लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लग गई है। विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में चुनाव के निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण संचालन करने और चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के सिद्धांतों को सख्ती से लागू कराना अनिवार्य है। इनमें चुनाव के दौरान वीडियोग्राफी और डिजिटल कैमरों का उपयोग आवश्यक है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा हरियाणा प्रदेश के 10-फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ को इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना होगा। वीडियोग्राफी के लिए विशेष रूप से ध्यान देना होगा। बैठकों के लिए मंत्रियों, मान्यता प्राप्त दलों के शीर्ष राष्ट्रीय, राज्य स्तर के नेताओं की उपस्थित अनिवार्य होगा। इस दौरान मुख्य रूप से 3 हिंसक घटनाएं, संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, लूटपाट, आगजनी, हथियार लहराना आदिकी निगरानी जरूरी है। बूथ कैप्चरिंग के दौरान मतदाताओं को डराना, मतदाताओं को लुभाने की कोशिश में साड़ी, धोती, कंबल आदि के वितरण द्वारा प्रलोभन रिश्वत देना भी शामिल है।

---

अवैध खनन व ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्ती से रोक लगवाने के निर्देश

# पकड़ी गई अवैध सामग्रियों का खनन विभाग करेगा नीलाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिलाधीश विक्रम सिंह ने जिला के तीनों उपमण्डलाधीशो को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने इलाकों में अवैध खनन और ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्ती बरतें। जो भी अवैध तरीके से रेत, रोड़ी, बजरी सहित तमाम बिल्डिंग मैटेरियल की तस्करी हो रही है। उस माल को काबू में लेकर नजदीकी थाने के पास में उतरवाए व वाहन और माल को जब्त कर लिया जाए।

जिलाधीश विक्रम सिंह आज वीरवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स खनन की समीक्षा बैठक कर प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। जिलाधीश ने सभी उपमंडलाधीश को मौके पर जाकर मुआयना करके अपनी रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए।

### निगरानी की समीक्षा मुख्यालय में करें प्रस्तुत

जिलाधीश ने आदेश दिए है कि खनन विभाग के द्वारा जब्त किए गए माल की नीलामी कराई जाए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें निरंतर पेट्रोलिंग कर पुख्ता निगरानी कर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें। जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से पेश आकर सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें और इस कार्य में लगी टीमें निगरानी के लिए गश्त कर समीक्षा करके उसकी प्रगति रिपोर्ट भी ऑनलाइन और आफ लाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिए मुख्यालय में प्रस्तुत करें।

### रॉयल्टी व जुर्माना वसूली की हिदायत

विभाग यमुना क्षेत्र व बंद पड़े पहाड़ों का मौके पर निरीक्षण करें। जिला में विभिन्न थानों, चौकियों में मुकदमा दर्ज करवाने और वाहनों को अवैध खनन परिवहन करते हुए पकड़ा जाने तथा वाहनों से पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि व खनिज की रॉयल्टी व जुर्माना वसूली करें एवं राशि की विस्तृत जानकारी दी जाए।

---

भाजपा किसान मोर्चा व प्रदेश उपाध्यक्ष

# बलदेव अलावलपुर बने रोहतक लोकसभा के प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव अलावलपुर को भाजपा किसान मोर्चा रोहतक लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया है।

अपनी नियुक्ति पर बलदेव अलावलपुर ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लव कुमार देव, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविंदर श्योराण, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, संगठन महामंत्री फणिन्द्रनाथ शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा सहित भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हुए किसान संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

अलालवपुर ने कहा कि आज देश-प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है और पिछले दस वर्षो के दौरान भाजपा सरकारों द्वारा देश-प्रदेश में किए गए अभूतपूर्व विकास की बदौलत देश और प्रदेश में भाजपा जीत की हैट्रिक बनाएगी और देश की बागडोर फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों सौंपेगी।

---

पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की

# डेबिट कार्ड बदल महिला को लगाई हजारों की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



सेक्टर-5 थाना एरिया में युवक ने महिला का डेबिट कार्ड बदल उसके अकाउंट से 14 हजार 3 सौ रुपए निकाल लिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में यूपी मैनपुरी निवासी पूनम ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ गुरुग्राम के अशोक विहार में किराए पर रहती है। वह पीएनबी के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने पहुंची।

उसने रुपए निकालने का प्रयास किया तो रुपए नहीं निकले और उसके पास रुपए कटने का मैसेज आया। इसी दौरान वहां मौजूद एक युवक ने उससे कहा कि कई बार मैसेज आ जाता है वह दूसरे बूथ पर जाकर रुपए निकाल ले। महिला समीप के ही बूथ पर गई तो वह युवक भी वहां पहुंच गया। युवक ने पूनम से पहले बैलेंस चेक करने के लिए कहा, लेकिन बैलेंस ठीक निकला। इस बीच युवक ने पूनम का डेबिट कार्ड बदल लिया और वह घर चली गई। कुछ ही देर बाद महिला के फोन पर 14 हजार 3 सौ रुपए निकाले जाने का मैसेज आया। महिला ने अपना डेबिट कार्ड चेक किया तो वह बदला हुआ था।

---

मंत्री ने जनसमूहों का माना आभार

# राजपूत महासभा के तत्वावधान में राज्यमंत्री संजय सिंह का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बने संजय सिंह व हरियाणा वेयर हाउसिंग के चैयरमेन दिनेश शर्मा का राजपूत वाटिका में राजपूत महासभा के अध्यक्ष तिलकराज चौहान की अध्यक्षता में भव्य स्वागत किया गया। राजपूत महासभा गुरुग्राम के तत्वाधान में आयोजित इस सम्मान समारोह में राजपूत समाज के साथ 36 बिरादरी के गणमान्य लोगों ने संजय सिंह और दिनेश शर्मा का पगड़ी बांधकर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर संजय सिंह ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी ने मंत्रिमंडल में शामिल करके उन पर जो विश्वास जताया है वे उस पर सौ प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### आचार संहिता हटते ही होंगे विकास कार्य

विकास कार्यो को लेकर उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता हटते ही जिले में विकास कार्यो की गति को तेज किया जाएगा। अध्यक्ष तिलकराज चौहान ने राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले संजय सिंह को अपने मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व व सीएम नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया। उन्होंने संजय सिंह से भी आग्रह किया कि वे राजपूत महासभा की भूमि को जल्द से जल्द अधिग्रहण मुक्त कराने में अपना सहयोग देने तथा पद्मावत केस में फंसे हुए बच्चों के केस वापस लेने की भी मांग की।

---

कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे के यमुना नदी में मिला

एक की हुई पहचान, दो की पहचान में जुटे पुलिसकर्मी

# पांच दिन के अंदर यमुना नदी के पास मिला तीसरा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे के नीचे गांव शाहजहांपुर के पास यमुना नदी में 20 से 25 साल की अज्ञात युवती का शव मिला। पुलिस की प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या करके फेंका गया है। पांच दिन के अंदर यमुना नदी में यह तीसरा शव पुलिस को प्राप्त हुआ है। जिसमें से दो युवक व एक युवती का है। थाना छांयसा पुलिस से शव को पोस्टमार्टम व पहचान के लिए बीके अस्पताल को मोर्चरी में रखवा दिया है। थाना छायंसा प्रभारी रणवीर ने बताया कि बृहस्पतिवार को फोन के जरिए उनको सूचना मिली कि केजीपी एक्सप्रेस वे पुल के नीचे बह रही यमुना नदी गांव शाहजहांपुर में एक युवती का शव बह रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया।

अज्ञात युवती की उम्र करीब 20 से 25 साल बताई जा रही है। शव को पहचान और पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। युवती ने गहरे आसमानी कलर का सूट और पैरों में हाई हिल को पहना हुआ था। युवती के शरीर पर कई प्रकार के टैटू बने हुए है। जिसमें कलाई पर मां का टैटू, चाइनीज टैटू व उंगली पर के शब्द गुदा हुआ पाया गया। इसके अलावा एक हाथ की कलाई पर डेस्टिनी भी गुदा हुआ था।

अज्ञात युवती की पहचान के लिए दिल्ली एनसीआर के सभी थानों में सूचना दे दी है।


---

शेष रकम नहीं देने पर नियुक्ति निरस्त हो जाने की दी धमकी

29 हजार रुपए टोकन मनी के रूप में पीड़ित से ली गई

# एमसीजी में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से दस लाख ठगे, पैसे मांगने पर नीरज को दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




सेक्टर-40 एरिया में एमसीजी में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से दस लाख रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। रुपए वापिस मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। डीसीपी ईस्ट के आदेश के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

डीसीपी ईस्ट को दी शिकायत में नीरज ने कहा कि उसकी मुलाकात जींद मूल के दीपक व आनंद से हुई। दीपक ने नीरज से कहा कि वह उसके भाई के साथ पढ़ा था। पूछने पर नीरज ने उन्हें बताया कि उसे 15 हजार रुपए की सेलरी मिलती है। जिस पर उन्होंने नीरज पर ताना मारा और कहा कि तुम्हारे जैसे पढ़े लिखे नौजवान को 40 हजार रुपए की सेलरी मिलनी चाहिए। वे उसे नगर निगम गुरुग्राम में लगवा देंगे। इसके लिए नीरज को दस लाख रुपए देने होंगे। नीरज ने जब रुपए का बंदोबस्त नहीं होने की बात कही तो उसे छह लाख रुपए पहले व बाकी रकम नौकरी लगने के बाद देने को कहा गया। वहीं फरवरी 2023 में अपॉइंटमेंट लेटर दिए जाने की बात कही गई। आरोपियों ने उससे 29 हजार रुपए टोकन मनी के रुप में ली बाकी रकम फरवरी माह में यूपीआई के जरिए व नगद दे दी गई। इसके बाद दीपक व आनंद ने उससे कहा कि उसे 80 फीसद पेमेंट तो करनी ही होगी और मार्च, 2023 के लास्ट में अपॉइंटमेंट लेटर मिल जाएगा। रकम नहीं देने पर अपॉइंटमेंट लेटर कैंसिल हो जाएगा। इस तरह आरोपियों ने नीरज से मार्च 2023 तक 8 लाख रुपए ले लिए। लेकिन जब अपॉइंटमेंट लेटर नहीं मिला तो आरोपी नीरज से टालमटोल करने लगे।

### पुलिस कर रही मामले की छानबीन

नीरज इसके बाद दीपक के घर पहुंचा तो उसके परिजनों ने जून 2023 तक रुपए लौट देने की बात कही। नीरज जून माह में दीपक के घर पहुंचा तो वहां उसे उसका भाई उमेश मिला। जिसने नीरज से कहा कि अब तो उसकी नौकरी लगवानी ही पड़ेगी। वह चंडीगढ़ एमसी में बात करके जुलाई तक नौकरी लगवा देगा। इसके लिए उसे बाकी दो लाख और देने होंगे। नीरज उसके झांसे में आ गया और दो लाख रुपए दे दिए। लेकिन जब उसकी नौकरी नहीं लगी तो वह दीपक के घर पहुंचा। जहां उसे जान से मारने की धमकी दी गई। नीरज ने पुलिस में शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। जिसके बाद उसने डीसीपी ईस्ट को अपनी शिकायत दी। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप

### डीडीए द्वारका स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सदस्यता के लिए उपभोक्ताओं को दे रहा है विशेष छूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अपने खेल परिसरों को लेकर लगातार लोगों को आकर्षित करने में लगा है। डीडीए इन दिनों द्वारका सेक्टर-17 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सदस्यता बढ़ाने के लिए लोगों को विशेष छूट दे रहा है। इस बारे में डीडीए के एक आला अधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण के सभी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स लोगों को सुलभ तरीके से उपलब्ध है। प्राधिकरण की तरफ से द्वारका स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सदस्यता खुली है। जिसमें सरकारी कर्मचारियों को सदस्यता शुल्क में 50 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों 75 प्रतिशत की विशेष छुट प्रदान कर रहा है।

### लोकसभा चुनावों को लेकर महिला कांग्रेस रणनीति बनाने में जुटी

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस भी अपनी रणनीति बनाने में जुटी है। प्रदेश महिला कांग्रेस की तैयारी है कि वह मतदान से पूर्व दिल्ली की एक एक महिला के घर तक पहुंचे। दिल्ली महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह की अगुवाई में गत कई दिनों से नारी न्याय है तैयार हम के तहत महिलाओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। पुष्पा सिंह की माने तो प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के नेतृत्व में लोकसभा चुनावों में कांग्रेस व गठबंधन के उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस संगठन चुनावों को लेकर अपनी रणनीति बना रहा है। प्रदेश से लेकर संगठन के सबसे निचले स्तर तक की कार्यकर्ता की जिम्मेदारी तय की जा रही है। महिला कार्यकर्ता अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार है, बहुत जल्द पूरी रणनीति बन जाएगी।

## ईडी जब सीएम आवास पहुंची तो विधायकों और कार्यकर्ताओं ने किया सड़क पर प्रदर्शन

# केजरीवाल बने रहेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे ये बात मंत्री आतिशी ने कही। वही दूसरी तरफ अपने मुखिया की गिरफ्तारी की खबरों को सुनकर भारी संख्या में कार्यकर्ता सीएम आवास पहुंचे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बीच आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, मुख्यमंत्री है और मुख्यमंत्री बने रहेंगे। अगर जरूरत पड़ेगी तो जेल से सरकार चलाएंगे। वह अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। आतिशी ने कहा कि कानूनी लड़ाई के लिए सुप्रीम कोर्ट हम गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में तुरंत सुनवाई की अर्जी दी है। वहीं दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल भी सीएम आवास पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि अगर सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी होती है तो जेल से सरकार चलाई जाएगी। वहीं इस दौरान सीएम आवास के बाहर विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल समेत मंत्री सौरभ, आतिशी, इमरान हुसैन, राजकुमार आनंद, मेयर शैली ओबरॉय समेत आप के भारी संख्या में विधायक मौजूद रहे। वहीं सौरभ भारद्वाज ने ट्वीट कर बताया कि सीएम आवास पर कांग्रेस के कई बड़े नेता भी सीएम आवास पर पहुंच रहे हैं। वहीं दिल्ली मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि ये कार्रवाई निंदनीय है।

दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय भी सीएम आवास के बाहर पहुंची हैं। जहां पहले से भारी संख्या में आप कार्यकर्ता मौजूद हैं। मेयर शैली ने कहा कि मामला कोर्ट में चल रहा है, अगली तारीख 22 अप्रैल तय की गई है। छापेमारी करने, गिरफ्तार करने, तलाशी लेने की इतनी जल्दी क्या थी। जिस तरह से यहां पुलिस तैनात की गई है। यह निंदनीय है। हमारा अरविंद केजरीवाल से कोई संपर्क नहीं है।

### हम न झुकेंगे न बिकेंगे : राय

मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज ही हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया है। जिसका जवाब ईडी को 22 अप्रैल को देना है। जब अदालत में मामला विचाराधीन है तो ऐसी क्या जल्दी थी कि आनन फानन में 2 घंटे के अंदर ईडी केजरीवाल जी को गिरफ्तार करने घर आ गई. किसी भी कीमत पर केजरीवाल को गिरफ्तार करने की मोदी जी की बैचेनी ये दिखाती है कि आज देश में मोदी बस केजरीवाल से डरते हैं। हम न झुकेंगे न बिकेंगे। हम मोदी के अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे हैं और लड़ते रहेंगे।

### केजरीवाल को तुरंत अपने पद से देना चाहिए इस्तीफा: बिधूड़ी

दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें अब अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक या संवैधानिक अधिकार नहीं है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से राहत देने से इनकार कर दिया था और वह समन की लगातार दस बार से अनदेखी कर रहे थे तो कानून को अपना काम करना ही था। बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा हमेशा से यह कहती रही है कि शराब घोटाले में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के कई नेता पहले से ही गिरफ्तार हैं और उनकी जमानत भी नहीं हो पा रही। सरकार के मुखिया के रूप में केजरीवाल इस सारे घोटाले के सूत्रधार रहे हैं लेकिन वह जांच में शामिल होने से भी इनकार करते रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड में भी केजरीवाल के चेयरमैन रहते हुए फ्लो मीटर की खरीद में करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है और ईडी उस मामले में भी समन जारी कर चुकी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद जेल से सरकार चलाना संविधान सम्मत नहीं है। इसलिए उन्हें तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### सीएम आवास के अंदर ईडी, बाहर आप समर्थकों का हंगामा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों समेत बहुत से कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इनमें भारी संख्या में आप की महिला कार्यकर्ता भी शामिल थीं। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल, मंत्री आतिशी, सौरभ, राजकुमार आनंद और इमरान हुसैन, मेयर शैली ओबरॉय के साथ-साथ आप के कई विधायक और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। गौरतलब है कि आप के नेताओं को सीएम अरविंद केजरीवाल आवास पर ईडी के छापे की खबर मिलते ही आप कार्यकर्ताओं का जमावड़ा सीएम आवास पर शुरू हो गया। गुरुवार शाम को जब ईडी की टीम सीएम आवास के अंदर केजरीवाल से पूछताछ कर रही थी तब भारी संख्या में आप समर्थक सीएम आवास के बाहर हंगामा करने लगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल के साथ दिल्ली के कई मंत्री और विधायक भी मौजूद रहे। आनन फानन में सीएम आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। भारी तादात में रैपिड एक्शन फोर्स को बुला लिया गया और सीएम आवास के आस-पास के एरिया को छावनी में तब्दील कर दिया गया। उधर आप समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। वह भाजपा के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। आप समर्थक ने भाजपा मुर्दाबाद और अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए। वह कह रहे थे पुलिस के बल से ये सरकार नहीं चलेगी। उधर पुलिस प्रशासन ने स्थिति को संभालने के लिए इलाके में धारा 144 लगा दी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस के कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे आप विधायकों और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर बसों में बैठाकर वहां से ले गए।



नई दिल्ली। पेड़ की शाखा पर आराम करता पीले पैरों वाला कबूतर। फोटो : एजेंसी

## शराब घोटाले और जल बोर्ड घोटाले के असली सूत्रधार हैं केजरीवाल : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में केजरीवाल को हाई कोर्ट ने आईना दिखाया है और अब तो स्पष्ट हो गया है कि दिल्ली में शराब घोटाले और जल बोर्ड घोटाले के असली सूत्रधार अरविंद केजरीवाल है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरूवार को विधायक विजेन्द्र गुप्ता के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता में सीएम केजरीवाल को लेकर यह आरोप लगाए। इस दौरान मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि केजरीवाल सरकार के राजनीतिक भ्रष्टाचार का पटाक्षेप अब नजदीक है। सचदेवा ने मांग की कि अगर सीएम केजरीवाल के अंदर थोड़ी भी नैतिकता हो तो जब तक जांच के बाद निर्णय नहीं आ जाता तब तक वह अपने पद से इस्तीफा दें और ईडी जांच में सहयोग करें।




सचदेवा ने कहा कि पिछले कई दिनों से अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक नौटंकी दिल्ली देख रही है और उम्मीद है कि अब जल्द ही उसका पर्दाफाश हो जायेगा। जिस निर्लज्जता से अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाला और जल बोर्ड में घोटाला किया उसी निर्लज्जता के साथ कानून का उलंघन करने की कोशिश कर रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि देश में सभी को कानून समान अधिकार देता है लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल घमंड में ईडी के समन पर पेश होने की जगह सिर्फ बहानों में उलझ कर रह गए, हमेशा भागते रहे लेकिन आज जब दिल्ली हाई कोर्ट ने फटकार लगाई है तो इस पूरे मामले में रास्ता साफ हो गया है। अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि समन वैध था और यह बात भाजपा पहले दिन से कह रही है, लेकिन सीएम केजरीवाल के बार-बार नए बहाने बनाने की कोशिश दिल्ली देख चुकी है। अब केजरीवाल मांग कर रहे हैं कि हम जांच में सहयोग तब देंगे जब हमें सजा नहीं प्रोटेक्शन मिलेगा जो कि बेहद हास्यास्पद है। सचदेवा ने कहा कि जिस घोटाला के माध्यम से दिल्ली के टैक्स पेयर्स के पैसे को लूटने का काम सीएम केजरीवाल ने किया है, अब उस नौटंकी का अतिशीघ्र पर्दाफाश होगा और और सच्चाई सबके सामने आएगी।

### बांसुरी स्वराज ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से की मुलाकात



नई दिल्ली। नई दिल्ली लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। बांसुरी स्वराज भाजपा की दिवंगत नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी हैं। निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बांसुरी स्वराज ने सीतारमण से मुलाकात की। स्वराज को नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है, जिसका प्रतिनिधित्व पिछले 10 वर्ष से भाजपा की मीनाक्षी लेखी कर रही थीं। स्वराज पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। दिल्ली की सभी सात सीट पर 25 मई को मतदान होगा। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सभी सात सीट पर जीत हासिल की थी।

## इमाम, मुअज्जिन के वेतन संबंधी दिल्ली सरकार की नीति के खिलाफ अदालत में याचिका

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड और अन्य के तहत मस्जिदों के इमामों और मुअज्जिनों को वेतन या मानदेय जारी करने के लिए उसकी समेकित निधि का उपयोग करने की नीति को चुनौती देने वाली एक याचिका पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने याचिका पर दिल्ली सरकार, उसके वित्त, योजना और राजस्व सहित विभिन्न विभागों और दिल्ली वक्फ बोर्ड को नोटिस जारी किया। अदालत ने उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और मामले को 22 जुलाई को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिकाकर्ता रुक्मणी सिंह ने कहा कि संविधान में प्रावधान है कि राज्य धर्मनिरपेक्ष होगा और इसलिए वह किसी विशेष धर्म का पक्ष नहीं ले सकता। याचिका में कहा गया कि हालांकि, मौजूदा मामले में, प्रतिवादी संख्या 1 (दिल्ली सरकार) द्वारा अपनायी गई किसी विशेष धार्मिक समुदाय के कुछ व्यक्तियों को अन्य धार्मिक समुदाय के समान श्रेणी के व्यक्तियों की वित्तीय स्थिति पर विचार किए बिना सम्मान राशि का भुगतान करने की व्यवस्था, सीधे तौर पर राज्य की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति का उल्लंघन करती है और संविधान के अनुच्छेद 14, 15 (1) और 27, 266 और 282 का उल्लंघन करती है।

### एनडीएमसी टैक्स कलेक्शन काउंटर 30 और 31 मार्च को रहेगा खुला

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) का संपत्ति कर विभाग और पालिका केंद्र में कर संग्रह काउंटर एनडीएमसी क्षेत्र के निवासियों, करदाताओं को उनके बकाया कर के भुगतान की सुविधा के लिए 30 और 31 मार्च, 2024 को शनिवार और रविवार होने पर भी खुले रहेंगे। इसके अलावा, एनडीएमसी क्षेत्र के निवासी, करदाता अपना भुगतान ऑनलाइन मोड के माध्यम से भी जमा कर सकते हैं।

### आईपीयू ने अपने सभी प्रोग्राम में आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ाई

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी ने अपने सभी प्रोग्राम (यूजी, पीजी और पीएचडी )में आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ा दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च थी। अब यूनिवर्सिटी के सभी प्रोग्राम- नेशनल लेवेल टेस्ट आधारित, यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा आधारित एवं मेरिट आधारित- के लिए 10 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। बारहवीं की परीक्षाएं अभी चल रही हैं। इसे ध्यान में रखते हुए यूनिवर्सिटी ने संभावित आवेदकों की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया है। यूनिवर्सिटी बहुत सारे यूजी और पीजी प्रोग्राम में प्रवेश के लिए सीयूईटी स्कोर को भी स्वीकार कर रही है। हालांकि, प्रथम प्राथमिकता यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा (सीईटी) को ही दी जाएगी। इसके मद्देनजर यूनिवर्सिटी की सीयूईटी आवेदकों को सलाह है कि वे विभिन्न यूजी एवं पीजी प्रोग्राम के लिए आयोजित होने वाले सीईटी में भी आवेदन करें। इससे उनके दाखिले की संभावना बढ़ जाएगी। इसके अलावा उनके पास वैसे दूसरे प्रोग्राम में दाखिले का अवसर भी होगा जिनमें सीयूईटी स्कोर के जरिए दाखिले नहीं होते। सभी प्रोग्राम में दाख़िले के लिए **https://ipu.admissions.nic.in** पर 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र में त्रुटि संशोधन के लिए ऑनलाइन विंडो आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद खोला जाएगा।

## नरेला जोन में चल रही पार्किंग वैध या अवैध, नहीं पता

# महापौर को पार्किंग विभाग ने सौंपी अधूरी लिस्ट

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने बुधवार को राउस एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता में दिल्ली में चल रही पार्किंग व्यवस्था को लेकर आधी अधूरी जानकारी दी है। बता दें कि महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को कहा था कि निगम के अधीन 403 अधिकृत पार्किंग चल रही है और उन्होंने इस पार्किंग की एक लिस्ट भी जारी की। लेकिन इस लिस्ट की बात की जाए तो इस लिस्ट में नरेला जोन में एक भी पार्किंग नहीं चल रही है जबकि नरेला जोन के नरेला वार्ड संख्या एक के रामदेव चौक स्थित एक पार्किंग चल रही है, जिस पर बोर्ड लगे है और लगता ही नहीं है कि यह अवैध है। अब इस लिस्ट पर सवाल यह उठ रहा है कि पार्किंग विभाग ने जो लिस्ट महापौर को सौंपी, वह लिस्ट सही है या नहीं। यदि यह लिस्ट बिल्कुल सही है तो फिर इस लिस्ट में नरेला जोन के रामदेव मार्ग स्थित पार्किंग का जिक्र क्यों नहीं है।




### फिर से तो नहीं हो रहा है पार्किंग विभाग में खेल

बता दें कि पिछले वर्ष जून माह में हरिभूमि ने नरेला जोन के रामदेव चौक स्थित इस पार्किंग का खुलासा किया था जो कि निगम प्रशासन की मिलीभगत से संचालित की जा रही थी और पार्किंग संचालन के दौरान पर्ची भी काटी जा रही थी और लग रहा था कि पार्किंग अधिकृत रूप से चलती है। लेकिन कुछ जागरूक लोगों ने इस पार्किंग की शिकायत की तो पाया गया कि यह अवैध रूप से संचालित हो रही है।

अब यदि महापौर की प्रेसवार्ता को सच माना जाए तो यह पार्किंग जो लिस्ट में नहीं है तो कैसे चल रही है और सवाल उठ रहा है कि महापौर को पार्किंग विभाग ने यह आधी अधूरी लिस्ट क्यों सौंपी है। कहीं ऐसा तो नहीं कि यहां पार्किंग विभाग में फिर से कोई खेल तो नहीं हो रहा है।




सेलिब्रेशन
शिखर चंद जैन

# दुनिया भर में मचती है होली की धमाल




बच्चों, होली सिर्फ अपने देश भारत ही में नहीं दुनिया के कई देशों में मनाई जाती है। कई देशों ने तो होली से प्रभावित होकर अपने देश में भी होली की शुरुआत कर दी है। आओ जानते हैं, विदेशों में होली कैसे खेली जाती है?

## द कलर रन

**ब्रिटेन की** राजधानी लंदन में भी होली के रंगों की बहार देखी जा सकती है। यहां 'द कलर रन' नाम का फेस्टिवल मनाया जाता है। इस अवसर पर खूब मौज-मस्ती और रंगों की बौछार के साथ जॉगिंग और रनिंग भी होती है। अपने नाम के मुताबिक ही इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले एकदम सफेद झक शर्ट पहन कर पांच किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं। हर एक किलोमीटर का सफर तय करने पर रनर पर रंगों और तरह-तरह के गुलालों की बौछार की जाती है। *



## बोरायोंग मड फेस्टिवल

**साउथ कोरिया** से करीब 200 किलोमीटर दूर साउथ ऑफ सियोल में हर वर्ष गर्मियों में 'बोरायोंग मड फेस्टिवल' मनाया जाता है। अपने नाम के अनुसार ही इस फेस्टिवल में लोग एक-दूसरे पर कीचड़ और गीली मिट्टी लगाते हैं। लोगों को इस फेस्टिवल में खूब मजा आता है। यह फेस्टिवल निश्चित रूप से भारत के फाग उत्सव से ही प्रेरित है। *

## गार्मा फेस्टिवल



**ऑस्ट्रेलिया में** लोग रंगों के फेस्टिवल को गार्मा फेस्टिवल नाम से मनाते हैं। इस फेस्टिवल में शरीर को चमकीले और चटख रंगों से रंग कर पूरे दिन धमाल और नाच-गाना किया जाता है। यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया में अर्नहेम के गुलकुला नामक स्थान में मनाया जाता है। *

## लाइफ इन कलर



**बच्चों, जिस** त्योहार का नाम ही 'लाइफ इन कलर' यानी रंगों में जीवन हो, वह कितना जीवंत त्योहार होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। फ्लोरिडा (अमेरिका) में आयोजित किया जाने वाला यह फेस्टिवल ज्यादा पुराना नहीं है। इसे 2011 में एक कॉलेज फेस्ट के रूप में शुरू किया गया था। इस अवसर पर लोगों को रंगों से खेलना इतना पसंद आया कि अब यह फेस्टिवल हर साल सिर्फ फ्लोरिडा में ही नहीं, पूरी दुनिया में चर्चित हो चुका है। यह फेस्टिवल दुनिया की सबसे बड़ी पेंट पार्टी के रूप में पॉपुलर फेस्टिवल बन चुका है। *

## होली गार्डन फेस्टिवल



**स्पेन के** इबिजा द्वीप में भारत की होली से इंस्पायर होकर लोग 'होली गार्डन फेस्टिवल' मनाते हैं। इबिजा के बेनीमूसा पार्क में इस फेस्टिवल को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इसके अलावा और भी कई शहरों में इस फेस्टिवल को मनाया जाता है। सबसे पहले इबिजा में 21 अगस्त 2014 को पर्यटकों ने इस फेस्टिवल को मनाया था। इसके बाद हर साल इसे धूमधाम से मनाया जाता है। यह फेस्टिवल शाम 4.30 बजे शुरू होता है, जो मध्य रात्रि तक मनाया जाता है। *

## होली वन



**भारत के** पर्व होली ने दुनिया भर के लोगों को इतना मोह लिया है कि यह पर्व हर देश मानना चाहता है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में होली की तरह एक पर्व 'होली वन' के नाम से मनाया जाता है। इस दौरान हजारों लोग सफेद कपड़े पहनकर रंगों में सराबोर हो जाते हैं। इस दौरान खूब मौज-मस्ती करते हैं। यहां हमेशा इको फ्रेंडली, स्किन के लिए सेफ कलर ही यूज किए जाते हैं। साथ ही इस फेस्टिवल के दौरान शराब पीना, कांच तोड़ना या कीचड़ का इस्तेमाल करना सख्त मना होता है। केप टाउन में 'होली वन' फेस्टिवल बहुत शालीनता से मनाया जाता है। *

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

नमन और गौरव बहुत अच्छे दोस्त हैं। लेकिन गौरव एक बात को लेकर नमन से नाराज हो गया। नमन ने होली के दिन उसके गुलाल लगाकर मनाने की सोची। क्या गौरव ने अपनी नाराजगी भूलकर नमन के गुलाल लगाने पर उसे गले लगाया?

# हैप्पी होली



होली नमन का सबसे पसंदीदा त्योहार है। पिछले साल तो नमन को होली का विशेष रूप से इंतजार था, क्योंकि उसे अपने दोस्त गौरव को गुलाल लगाकर मनाना था। कुछ दिन पहले गौरव ने उससे व्हाट्सएप पर एग्जाम की तैयारी वाली वर्कशीट्स मांगी थी। नमन ने देने के लिए हां तो कर दी, लेकिन बाद में भूल गया। वह दो-तीन दिन के लिए मम्मी-पापा के साथ अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के लिए भोपाल चला गया था।

बस इसी बात से गौरव नाराज हो गया। गौरव को लगा, नमन ने उसे जानबूझकर वर्कशीट नहीं दी। हालांकि नमन ने गौरव से कहा कि उसके मन में ऐसी कोई बात नहीं थी। बस वर्कशीट भेजने की बात उसके दिमाग से ही निकल गई। नमन ने गौरव को बहुत समझाने की कोशिश की पर वह माना ही नहीं। नमन ने सोचा कि होली पर गौरव के घर जाकर उसे प्यार से गुलाल लगाएगा तो वह जरूर मान जाएगा। होली वाले दिन नमन अपनी पिचकारी और गुलाल की थैली लेकर गौरव के घर जा पहुंचा। उसने कई बार डोर बेल बजाई, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। बहुत देर तक डोर बेल बजाते रहने के बाद गौरव की दादी ने दरवाजा खोला। नमन ने उनके पांव छुए। दादी ने उसके सिर पर हाथ रखकर ढेर सारा आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया, 'गौरव को बुखार है, इसलिए वह होली नहीं खेल पाएगा।' यह सुनकर नमन उदास हो गया। अपनी पिचकारी और गुलाल वहीं गमले के पास रखकर वह भीतर गया तो देखा, गौरव अपने कमरे में सो रहा है। दादी ने नमन को गुझिया खिलाई। गौरव के मम्मी-पापा ने भी नमन को होली की शुभकामनाएं दीं।

नमन वापस आने को ही था कि गौरव की आवाज सुनाई दी, 'कौन है मम्मी?' नमन तुरंत गौरव के कमरे में गया। उसके पास जाकर बहुत प्यार से बोला, 'हैप्पी होली गौरव। दोस्त मुझे माफ करना, मैंने तुम्हारा दिल दुखाया है।'

यह सुनकर गौरव बोला, 'अरे नहीं, मैंने ही तुम्हें गलत समझा। तुम तो मुझे कितने ही सालों से पढ़ाई में मदद करते आए हो। मैं एक बार जरा सी भूल होने पर नाराज हो गया। माफी तो मुझे मांगनी चाहिए। मैंने सोचा था कि इस बार होली पर आकर तुम्हें गुलाल लगाकर सॉरी कहूंगा, लेकिन तबीयत ही खराब हो गई।'

नमन तुरंत बोला, 'मुझे खुशी है, हमारी दोस्ती का मुरझाया फूल एक बार फिर से खिल उठा है।' इसी बीच दादी थोड़ा-सा गुलाल लेकर आ गईं। दोनों बच्चों ने एक-दूसरे के गालों पर बहुत प्यार से गुलाल लगाया और बोले, 'हैप्पी होली!' *

## जीके क्विज-96

1. लोकसभा चुनावों के साथ किस पूर्वोत्तर राज्य में विधान सभा के चुनाव भी होंगे?
2. हाल में नियुक्त दो चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. देश के अगले लोकसभा के चुनाव कब से शुरू होंगे?
4. दूध की शुद्धता किससे नापी जाती है?
5. कीर्ति मंदिर स्थान का नाम किस महापुरुष से संबंधित है?
6. राइट बंधुओं का नाम किस खोज से जुड़ा है?
7. घूमर लोकनृत्य किस राज्य का लोकनृत्य है?
8. कर्क रेखा देश के कितने राज्यों में से होकर गुजरती है?
9. भारत में सबसे लंबी दूरी तक बहने वाली नदी कौन सी है?
10. ब्लादिमिर पुतिन एक बार फिर किस देश के राष्ट्रपति चुने गए?




बच्चों, जीके क्विज-96 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-95 का उत्तर :** 1-नायब सिंह सैनी, 2- अग्नि 5, 3-शुतुरमुर्ग का अंडा, 4-मंगल ग्रह, 5-असम, 6-पश्चिम बंगाल, 7-दूध, 8-नालंदा विश्वविद्यालय, 9-भूटान, 10-आंध्र प्रदेश

**जीके क्विज-95 का सही उत्तर देने वाले:** ईशान-अहमदाबाद, सरबजीत-करनाल, रौनक-जांजगीर चांपा, आकांक्षा-अहमदाबाद, जयप्रकाश-मेल से, विजय प्रकाश-सिंगरौली, कबीर-हिसार, गीतेश-रायपुर, करन-मेल से, यश-धरसवा

## बूझो तो जानें



1
प्यारा रंगों का त्योहार
फागुन में आता हर बार।
उड़ता खूब अबीर, गुलाल
जल्दी बतलाओ मेरा नाम।।

2
प्लास्टिक या लोहे की होती
रंगों से है खूब भिगोती।
होली के दिन आती काम
बच्चों बताओ मेरा नाम।।

3
मेवा-मावा से है भरी
तली हुई प्लेटों में धरी।
फूला-फूला उसका पेट
नाम बताओ, करो ना देर।


-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर: 1-होली, 2-पिचकारी, 3-गुझिया

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

केतन अपने पापा और मामा जी के साथ होली के लिए बाजार में पक्के रंग खरीदने आया तो मामा जी रंग खरीदने के बजाय सब्जियां खरीदने लगे। खीझ कर जब केतन ने टोका तो मामा जी बोले, 'दिला तो दिए रंग!' पहले तो केतन को मामा जी की बात समझा नहीं, जब समझ में आई तो वह खुशी से चहक उठा। केतन इतना खुश क्यों हो गया?

# महकते हुए रंग



केतन स्कूल से घर आया तो चहकते हुए बोला, 'मम्मी! मुझे सौ रुपए दो।'

'सौ रुपए? अरे! भला क्यों!' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे मम्मी, होली आ रही है न। मुझे पक्के रंग खरीदने हैं। पता है, इस बार तो मैं अपने दोस्तों को खूब रंगूंगा। और वह जो दीपू है न, जो बिल्कुल नन्हा हाथी-सा लगता है। उसे तो चाहे कुछ भी हो जाए, मैं उसे सफेद पेंट से रंगूंगा। थाईलैंड का हाथी लगेगा वह.. हा.. हा हा..।'

'थाइलैंड का?' मम्मी चौंकीं, 'क्या मतलब!!' 'अरे मम्मी, बस... रुपए दो। ज्यादा बात नहीं अभी।' केतन मचला।

'लेकिन बताओ तो सही, मैं भी तो जानूं।' मम्मी बोलीं। केतन ने बताया, 'अरे मम्मी, थाइलैंड में सुनते हैं कि सफेद हाथी होते हैं। उसे सफेद हाथियों का देश कहा जाता है।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'लेकिन मेरे पास तो रुपए हैं नहीं। पापा आएं तो उनसे लेना।'

ऊं हूं...।' केतन ने पैर पटके और अपने कमरे में चला गया। शाम को पापा आए तो उनके साथ मामा जी भी थे। केतन उन्हें देखते ही चहक उठा, 'मामा जी, हैप्पी होली इन एडवांस।' 'हैप्पी होली, प्यारे..।' मामा जी ने आंखें मटकाईं फिर बोले, 'और होली पर क्या तैयारी है भांजेश्री?'

'कोई तैयारी नहीं मामा जी। आज दोपहर में ममा से रुपए मांगे थे। उन्होंने दिए ही नहीं।' फिर जैसे अचानक केतन को याद आ गया कि पापा से तो रुपए लेने हैं। वह मचलते हुए बोला, 'पापा, रुपए दीजिए। मुझे रंग लाना है।' मम्मी बीच में बोल पड़ीं, 'पापा और मामा से न पानी पूछा, न चाय। बस, अपनी फरमाइश पेश कर दी।'

'ओह मम्मी, वह तो आपका काम है न। मुझे तो रंग लाना है।' केतन हाथ हिलाते हुए बोला। मामा हंस पड़े, 'अरे! मैं तो सोचता था कि केतन बड़ा हो गया है, लेकिन यह तो अभी तक बच्चा ही है।'

'हां, बच्चा ही तो हूं मामा जी।... मुझे तो रंग लेने हैं। खूब गहरे और कभी न छूटने वाले।' केतन एकदम छोटा बच्चा-सा बन गया। 'ठीक है, ठीक है, चिंता न करो। रंगों के सेलेक्शन में मैं तुम्हारी मदद करूंगा।' मामा जी केतन के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले। 'तो आप अभी बाजार चलेंगे न!' केतन ने बात पक्की करनी चाही।

'हां, हां.. चलेंगे.. जरूर चलेंगे।' मामा जी ने श्योर किया।

चाय-नाश्ता कर मामा और पापा के साथ केतन उछलता हुआ बाजार चल दिया। रास्ते में रंगों की दुकान दिखी। केतन पापा को उधर खींचने लगा, लेकिन मामा जी उन्हें दूसरी ओर ले गए। उधर एक बूढ़ी अम्मा पालक बेच रही थीं। मामा जी ने सारी खरीद ली।

केतन बोला, 'अब लें रंग...।' लेकिन मामा जी तो चुपचाप आगे बढ़ गए। उधर चुकंदर बिक रहे थे। मामा ने पांच किलो खरीद लिए। केतन खिसियाया, 'मामा जी, आपको सब्जी की पड़ी है। अरे! पहले रंग...!' मामा जी हंसे, 'अरे घबराओ नहीं, ले लेंगे।'

केतन अनमना-सा रंग की दुकानें देख रहा था। मामा जी तो इधर-उधर सब्जी और फलों की दुकानें ताक रहे थे। अब वे संतरे की दुकान पर ठिठक गए। दो दर्जन संतरे लिए। फिर डैडी से बोले, 'गाजर किधर मिलेंगी?

केतन झुंझला-सा गया, 'मामा जी, क्या आप भी...! अरे! अब बस भी करिए। ...गाजर तो मम्मी ने कल ही खरीदी थी।'

मामा जी इधर-उधर कुछ खोजते हुए बोले, 'अच्छा, तब ठीक है, लेकिन धनिया और पुदीना तो ले लें, फिर घर चलते हैं।'

'घर चलेंगे ...!' केतन मुंह बिचका कर बोला। मामा जी उसे देखकर जोर से हंस पड़े और बोले, 'केतन जी को गुस्सा आया, केतन जी ने मुंह बिचकाया।'

'मामा जी! आपकी सब्जियां देखकर मुंह बिचका रहा हूं।' केतन रुआंसा हो गया था। उसने पैर पटके। अपने पापा से बोला, ' आप रंग कब दिलाएंगे?'

'अरे! दिला तो दिए।' बीच में ही मामा जी बोले। 'कब..?' केतन आंखें फाड़कर बोला। मामा जी ने बताया, 'प्यारे, इन सब्जियों में ही तो रंग छिपे हैं, नेचुरल रंग। कल देखना, इनसे मैं कैसे कितने सारे रंग तैयार करता हूं। इन रंगों से कोई नुकसान भी नहीं होगा। जो रंग बाजार में बिक रहे हैं, उनमें केमिकल होता है। इस बार हम प्राकृतिक रंगों से होली खेलेंगे। घर पर रंग बनाएंगे, नए ढंग से होली मनाएंगे।'

केतन चहक उठा, 'अब समझा, आप तो नेचुरल रंग खरीद रहे थे। मैं तो बेकार में ही परेशान हो रहा था। मामा जी, मैंने घर में गुलाब के पौधे लगाए हैं। आप इनमें गुलाब के फूल भी डाल दीजिएगा। फिर तो महकते हुए रंग तैयार होंगे न!'

'वाह! प्यारे, तुम तो वास्तव में बहुत होशियार हो।' पापा और मामा जी दोनों एक साथ बोले। केतन उछलता-कूदता उनके साथ घर की ओर चल दिया। *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय



## फूलों की रंगीन डाली है होली

अनोखी है होली, निराली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई फाग, कोई कबीरों में डूबा,
कोई है गुलालों-अबीरों में डूबा।
हरी, लाल, पीली है, काली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई खा गया, देखो मेवे फटाफट,
कोई कर गया सारे पापड़ सफाचट।
महापेटुओं वाली थाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
भुलाकर हर नफरत, गले मिलना सीखो,
हो तुम फूल तो, फूल-सा खिलना सीखो।
कि फूलों की रंगीन डाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।

## रंग भरो-146

**रंग भरो-146** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




जतिन, कोंडागांव


अंजलि, फरीदाबाद


पलक, धमतरी


गौरांग, रायपुर


अंकिता, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

संध्या साहू-दुर्ग, वेदिका-बालोद, पवन-जींद, हर्षिता-भोपाल, अमन-भिलाई, हरीश-जबलपुर, पूजा-रोहतक, मलाइका-कोरबा, अनिल-दिल्ली, वैदेही-रायपुर, प्रकाश-करनाल, राजू-डोंगरगढ़, प्रतिमा-जशपुर, अभिलाषा-महेंद्रगढ़, रानी-बस्तर, राजेश-दुर्ग


सुयश, बिलासपुर

## रंग भरो 147



बच्चों, यहां पर पिचकारी में रंग भरकर होली खेलते हुए एक बच्चे का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में कई सारी पिचकारियां दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पिचकारियों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर: 30 पिचकारियां

खबर संक्षेप

## कोर्ट ने बढ़ाई हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत

**रांची।** झारखंड के सोरेन परिवार की लड़ाई अब खुलकर सोशल मीडिया पर देखने को मिल रही है।



शिबू सोरेन की बड़ी और छोटी बहू एक्स पर एक-दूसरे के खिलाफ 'शब्द बाण' चलाती दिखीं। सोरेन परिवार को झटके पर झटका लग रहा है। पहले हेमंत सोरेन की कथित जमीन घोटाले में गिरफ्तारी हुई। हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 4 अप्रैल तक बढ़ा दी गई। यानी पूर्व सीएम को इस बार की होली जेल में ही मनानी होगी।

## हजारीबाग में बेकाबू ट्रक ने 4 लड़कियों को कुचला

**हजारीबाग ।** हजारीबाग में बेकाबू ट्रक ने 4 लड़कियों व एक महिला को कुचल दिया। यह टाटीझरिया




थाना क्षेत्र के खैरा बरकट्ठा रोड की घटना है। गुरुवार सुबह एक ट्रक, जिसमें अवैध बालू लदा हुआ था, ने 5 लोगों को रौंद दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सभी लड़कियों को इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## एचडीएफसी से 20 लाख लेकर बदमाश फरार

**बेगूसराय।** बेगूसराय में अपराधियों ने एक बैंक में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। एचडीएफसी



बैंक की एक शाखा से 20 लाख रुपए लूट लिए गए हैं। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी मनीष कुमार घटना स्थल पर पहुंच चुके हैं। पुलिस बैंक और आसपास के सीसीटीवी कैमरों का वीडियो खंगाल रही है।

# मनोहर व नड्डा से मिले मुख्यमंत्री नायब, लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏩ करनाल

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने करनाल में कहा कि भाजपा बड़े मार्जिन से लोकसभा चुनाव में 10 की 10 सीटें जीतेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि करनाल से इस बार देश में सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड बनेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आवास पर पहुंचे थे। काफी देर तक मुख्यमंत्री सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बीच चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। पूर्व सीएम मनोहर लाल से मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर तैयारियां पूरी है। कार्यकर्ताओं के दम पर और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से बड़े मार्जिन से भाजपा दसों लोकसभा की सीटें जीतकर प्रधानमंत्री मोदी के पास भेजेगी। मुख्यमंत्री ने करनाल लोकसभा से उम्मीदवार मनोहर लाल के बारे में बोलते हुए कहा कि करनाल से इस बार रिकार्ड बनेगा और देश में सबसे बड़ी जीत मनोहर लाल की होगी।

पत्रकारों द्वारा पूर्व गृहमंत्री अनिल विज के ट्वीट के बारे में पूछे गए सवाल पर नायब सैनी ने कहा कि अनिल विज हमारे वरिष्ठ नेता हैं। अनिल विज का मार्गदर्शन हमें पहले भी मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। हरियाणा की बची चार सीटों पर प्रत्याशियों के घोषणा के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उम्मीदवार कब तक घोषित होंगे यह पार्लियामेंट्री बोर्ड तय करेगा।

दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से की मुलाकात



### राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ कई मुद्दों पर की चर्चा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी चंडीगढ़ और आसपास के अपने कार्यक्रम समाप्त कर दिल्ली पहुंच गए हैं। जहां पर हरियाणा प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति और लोकसभा चार उम्मीदवारों के नामों लेकर चिंतन मंथन के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा 2 से 3 दिनों में बीजेपी चुनाव समिति की दिल्ली में बैठक होगी। चुनाव समिति की बैठक में चार लोकसभा उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगा दी जाएगी मंत्रियों के पोर्टफोलियो पर विचार मंथन के बाद अंतिम रूप देने की तैयारी है, वैसे इस बारे में पहले ही सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल चिंतन मंथन कर चुके हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने सुनीं समस्याएं



पार्टी कार्यालय कर्ण कमल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चंडीगढ़ में कुछ कार्य बचे हुए हैं जिन्हें दो-तीन दिनों में निपटाकर अब नियमित रूप से कार्यालय में बैठकर चुनाव की तैयारियों पर फोकस रखेंगे और चुनाव प्रचार का काम संभालेंगे। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव 2024, आरजेडी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

# आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने बक्सर से सुधाकर सिंह, गया से सर्वजीत को दिया टिकट

एजेंसी ⏩ पटना/लखनऊ

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके साथ ही राजनीतिक दल अपने-अपने उम्मीदवारों नाम का ऐलान करने लगे हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत आरजेडी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट आ गई है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने जमुई सीट से अर्चना रविदास, गया से कुमार सर्वजीत और औरंगाबाद से अभय कुशवाहा को पार्टी का उम्मीदवार बनाया। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में चार में से इन तीन सीटों पर पार्टी ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इन्हें सिंबल भी दे दिया गया है। एक नवादा से श्रवण कुशवाहा को लालू ने पार्टी का सिंबल दिया है। वहीं, बक्सर से पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह, उजियारपुर से आलोक मेहता को आरजेडी ने पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। इन्हें भी पार्टी का सिंबल दे दिया गया है।

अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक आरजेडी, लेफ्ट और कांग्रेस के बीच दो-तीन सीटों को छोड़कर सभी पर बात बन गई है। बेगूसराय और कटिहार समेत कुछ एक सीटों पर पेच उलझा हुआ है। बेगूसराय से कांग्रेस लड़ना चाहती है, जबकि सीपीआई अपनी परंपरागत सीट बताकर दावा मजबूत कर रही है। कटिहार में भी आरजेडी और कांग्रेस के बीच सहमति नहीं बन पाई है। दोनों ही पार्टियां यहां से अपने उम्मीदवार उतारना चाहती हैं।

**खास बातें**

- आरजेडी, लेफ्ट व कांग्रेस के बीच दो-तीन सीटों को छोड़कर सभी पर बात बनीं
- चिराग पासवान जमुई से अरुण भारती को मैदान में उतारेंगे



### चिराग ने जमुई में खोल दिया पत्ता



एनडीए ने जमुई लोकसभा सीट फिर से लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को दिया है जहां से चिराग पासवान ने निवर्तमान सांसद हैं। लेकिन इस बार चिराग पासवान हाजीपुर जा रहे हैं। एलजेपीआर में जमुई को लेकर अपना पता खोल दिया है। यहां से पार्टी अरुण भारती को मैदान में उतरेगी। लालू यादव की पार्टी राजद ने अर्चना भारती को महागठबंधन उम्मीदवार के रूप में लड़ाने का फैसला किया है।

### पल्लवी पटेल की पार्टी ने अखिलेश यादव की सपा से नाता तोड़ा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बीच ही इंडिया गठबंधन को एक और झटका लगा है। दूसरी बार यूपी में



इंडिया गठबंधन टूट गया है। जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल के बाद पल्लवी और कृष्णा पटेल की अपना दल (कमेरावादी) इंडिया गठबंधन से अलग हो गई है। अखिलेश ने कहा कि 2022 में अपना दल (कमेरावादी) से गठबंधन हुआ था लेकिन अब टूट गया है। 2024 लोकसभा चुनाव में सपा और अपना दल कमेरावादी का गठबंधन नहीं है। एक दिन पहले अपना दल कमेरावादी की नेता कृष्णा पटेल ने यूपी की मिर्जापुर, फूलपुर और कौशांबी सीट से अपना प्रत्याशी उतराने का एकतरफा ऐलान किया था। बताया जाता है कि कृष्मा पटेल सपा से तीनों सीटें मांग रही थीं। सपा की तरफ से उनकी मांग पर कोई तवज्जों नहीं मिलने पर प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया था।

एनकाउंटर स्पेशलिस्ट तो दुजा बेदाग

# बिहार के दो अफसरों के कंधों पर यूपी चुनाव की जिम्मेदारी

यूपी में पहले चरण के मतदान में 19 अप्रैल को 8 सीटों पर वोटिंग होनी है।



एजेंसी ⏩ लखनऊ

लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है। इस बार 7 चरणों में लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराया जाना है। यूपी में पहले चरण के मतदान में 19 अप्रैल को 8 सीटों पर वोटिंग होनी है। उसके लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है। लोकसभा सीटों के लिहाज से उत्तर प्रदेश बेहद महत्वपूर्ण है। यूपी में 80 लोकसभा सीट आती हैं।

इनमें 15.34 करोड़ वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसे देखते हुए चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराना एक बड़ी जिम्मेदारी है।

लेकिन यह एक संयोग ही है कि यूपी के जिन दो सर्वोच्च अधिकारियों पर यह जिम्मेदारी है वे बिहार राज्य से ताल्लुक रखते हैं। इतना ही नहीं, उनका सरनेम और बैच भी एक ही है। इनमें से एक हैं आईएएस दीपक कुमार और दूसरे हैं आईपीएस प्रशांत कुमार।

प्रशांत कुमार 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी है। वह मौजूदा समय में यूपी पुलिस में कार्यवाहक डीजीपी के पद पर कार्यरत है। वहीं चुनाव आयोग के निर्देश पर यूपी में नए गृह सचिव की नियुक्ति हुई है। 1990 बैच के आईएएस अफसर दीपक कुमार को उत्तर प्रदेश का नया गृह सचिव का जिम्मा सौंपा गया है। उनके नाम पर चुनाव आयोग ने भी सहमति दी है।

इन्हीं दोनों अधिकारियों पर यूपी में लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने की जिम्मेदारी है। गृह सचिव के पास कानून व्यवस्था और पुलिस विभाग की जिम्मेदारी होती है, जबकि डीजीपी पुलिस विभाग का मुखिया होता है।

## पेज एक का शेष

### करीब 3 हजार...

कर दी है। वहीं सीएम केजरीवाल का फोन भी जब्त कर लिया है। आप नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध किया। गौर हो कि इस शराब घोटाले में आप के 14 नेता जेल में हैं। बीआरएस की नेता के कविता को भी गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि मामला कोर्ट में चल रहा है, अगली तारीख 22 अप्रैल तय की गई है। छापेमारी करने, गिरफ्तार करने, तलाशी लेने की इतनी जल्दी क्या थी। जिस तरह से यहां पुलिस तैनात की गई है। यह निंदनीय है।

**हाईकोर्ट से मिला था केजरीवाल को झटका:** उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कथित शराब नीति मामले से संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झटका देते हुए इस चरण में दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा देने का आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की खंडपीठ ने कहा हमने दोनों पक्षों को सुना है हालांकि इस स्तर पर हम किसी भी आदेश को पारित करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

### ईडी को गिरफ्तारी ....

लो मैं तुम्हें गिरफ्तार कर लूंगा। सिंघवी ने आगे कहा कि ईडी को गिरफ्तारी की आवश्यकता को प्रदर्शित करना चाहिए क्योंकि यह कहना कोई शर्त नहीं है कि केवल इसलिए कि जांच एजेंसी के पास शक्ति है, वह कभी भी इसका इस्तेमाल कर सकती है। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई चुनाव के कारण है और इसे अस्पष्ट, तुच्छ और प्रेरित बताया।

### इलेक्टोरल बॉन्ड का ...

सारी जानकारी सौंपने का अल्टीमेटम दिया था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह भी निर्देश दिया था कि मिली जानकारी को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाना चाहिए।

**कोर्ट ने जाहिर की थी नाराजगी:** 18 मार्च को चुनावी बांड मामले में एसबीआई को सुप्रीम कोर्ट की आलोचना झेलनी पड़ी। सीजेआई ने सवाल किया कि अदालत के आदेश के बावजूद एसबीआई ने सारी जानकारी का खुलासा क्यों नहीं किया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हम चुनावी बांड के बारे में सारी जानकारी चाहते हैं। कोर्ट ने कहा था कि जब हम कहते हैं कि हमें सारी जानकारी चाहिए, तो सारी जानकारी जारी की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एसबीआई द्वारा बताई गई सारी जानकारी गुरुवार शाम 5 बजे तक हलफनामे के जरिए कोर्ट को बताई जाए।

### भाजपा ने तीन...

साथ प्रवेश वर्मा को भी सह प्रभारी बनाया गया है। प्रवेश वर्मा की हाल ही में पार्टी ने टिकट काट दी थी। राजस्थान में जाट वर्ग की भारी तादाद के चलते पार्टी ने प्रवेश को सहप्रभारी नियुक्त किया है। राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। हालांकि, पहले पूनिया को अजमेर लोकसभा सीट से टिकट देने की चर्चाएं थी। पुनिया जाट हैं और उनको जाट बहुल हरियाणा में जिम्मेदारी दी गई है। माना जा रहा है कि किसान आंदोलन के बाद से हरियाणा के जाटों ने भाजपा से दूरी बना रखी हैं। पूनिया संघ पृष्ठभूमि से आते हैं। वे 2018 के विधानसभा चुनाव में आमेर विधानसभा सीट से विधायक भी रहे थे साथ ही विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष की भी जिम्मेदारी संभाली थी। हालांकि, 2023 के विधानसभा चुनाव में पूनिया को हार का सामना करना पड़ा। पुनिया के साथ सांसद सुरेंद्र नागर को सहप्रभारी बनाया गया है। आंध्रप्रदेश में भाजपा के चुनाव प्रभारी की कमान राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह को दी गई है। यूपी के पूर्व मंत्री और विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह को सहप्रभारी बनाया गया। अरुण सिंह को राजस्थान से हटाकर आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है।

### ज्ञानवापी की तरह ही...

इसकी उम्र कितनी है। कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भोजशाला में सर्वे करने का आदेश दिया था। यह याचिका हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने दायर की थी। याचिका में मांग की गई है कि मुसलमानों को भोजशाला में नमाज पढ़ने से रोका जाए और हिंदुओं को नियमित रूप से पूजा करने का अधिकार दिया जाए।

### अलाउद्दीन खिलजी ने...

महाविद्यालय की स्थापना की थी। यह बाद में भोजशाला के नाम से जाना गया। इस पर हिंदू धर्म के लोग आस्था रखते हैं। अलाउद्दीन खिलजी ने 1305 ईस्वी में भोजशाला को नष्ट कर दिया था। 1401 ईस्वी में दिलावर खान गौरी ने भोजशाला के एक हिस्से में एक मस्जिद का निर्माण करवाया। 1875 में खुदाई करने पर यहां से मां सरस्वती की एक मूर्ति निकली थी। इसे बाद में मेजर किंकैड लंदन लेकर चले गए।

### केंद्र के विकसित भारत ...

अब उसने एक्शन लिया है। चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह 'विकसित भारत संपर्क' वॉट्सएप मैसेजेस पर तत्काल रोक लगाए। वहीं, चुनाव आयोग की आपत्ति का जवाब भी मंत्रालय ने दे दिया है। मंत्रालय ने चुनाव आयोग को बताया कि यह पत्र आदर्श आचार संहिता के लागू होने से पहले भेजे गए थे। लेकिन उनमें से कुछ मैसेजेस सिस्टम और नेटवर्क की समस्याओं के कारण लोगों को देरी से डिलीवर हुए हैं। चुनाव आयोग ने मंत्रालय से तुरंत स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

### चुनावी मौसम में...

आजतक ऐसी कार्रवाई हुई? क्या राजनीतिक दलों को आयकर से छूट नहीं है? है तो केवल कांग्रेस पार्टी को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? हमें मामूली खर्च के लिए भी आम चुनाव से ठीक पहले क्यों मोहताज बनाया जा रहा है? क्या देश का लोकतंत्र ऐसे चलेगा? क्या देश में लोकतंत्र है? मीडिया, कोर्ट और सिस्टम से राहुल गांधी ने ऐसे एक के बाद एक कई सवाल दागे। मामला कितना गंभीर है इससे पता चलता है कि दस लाइन का लिखा पढने में भी स्वास्थगत कारणों से मुश्किल आने के बाद भी सोनिया गांधी ने पत्रकारवार्ता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अपनी बात अंग्रेजी में बेहद तल्ख अंदाज में रखी। उन्होंने बताया कि कैसे आयकर विभाग ने सीताराम केसरी के जमाने के खातेबही की तकनीकी खामियों को रखते हुए कांग्रेस पर डिमांड, फाइन लगाया है! आयकर विभाग की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आयकर विभाग, ट्रिब्यूनल, हाईकोर्ट में लगातार हारते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। सुप्रीम कोर्ट अगले महीने के पहले दिन सुनवाई मुकर्रर की है। तब तक लोकसभा का चुनाव संसाधन के अभाव में पार्टी कैसे लड पायेगी, नेतृत्व को इसकी चिंता है। वो चिंता गुरुवार को दिखी। जयराम रमेश ने कहा, आयकर विभाग की कार्रवाई के खिलाफ देशभर में विरोध दर्ज कराया जाएगा कांग्रेस पार्टी के अकबर रोड स्थित मुख्यालय में एआईसीसी के मंच पर पूर्व और वर्तमान पार्टी अध्यक्ष के अलावा कोषाध्यक्ष अजय माकन, कम्युनिकेशन विभाग के हेड जयराम रमेश, और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल नमूदार हुए। मगर, राहुल गांधी के तेवर गुरुवार को देखने लायक थे। एक विभागीय कार्रवाई का ठीकरा उन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर फोडा।

### रिटर्न फाइल नहीं...

आया है। तय प्रावधानों के अनुसार, आयकर की छूट तब समाप्त हो जाती है जब कोई राजनीतिक दल नियत समय में रिटर्न फाइल नहीं करता।

राजस्थान सीएम से की बात

## बिहार के 5 लोग जयपुर में जिंदा जले मृतकों में 3 बच्चे भी शामिल

एजेंसी ⏩ पटना

राजस्थान के जयपुर में एक भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जलकर राख हो गए। मरने वालों में माता-पिता और तीन बच्चे शामिल हैं। यह परिवार बिहार के पूर्वी चंपारण का रहने वाला था जो रोजी-रोटी के लिए जयपुर चला गया था। बीती रात उनके घर में आग लग गई पूरा घर जल गया जिसमें कोई भी नहीं बच सका बिहार सरकार ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर आवश्यक सुविधा बहाल करने की दरख्वास्त की है। आग लगने के कारणों को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गयी है। स्थानीय लोगों से जानकारी मिल रही है कि गैस सिलेंडर रिसाव आग लगने की बात कही जा रही है। हालांकि इसकी



आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। शवों को बिहार लाने का इंतजाम किया जा रहा है। घटना जयपुर के विश्वकर्मा इलाके के जैसल्या गांव की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस दर्दनाक घटना पर शोक जताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया है।

आपदा राहत दिलाने का आग्रह किया । इस मामले में बिहार सरकार ने पहल की है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख ने कहा है कि राजस्थान सीएम से बात की है। उनसे आग्रह किया है।

जावेद ने पुलिस को बताई हत्या की वजह

## संतान न होने से मानसिक रुप से बीमार था हत्यारा साजिद

एक दिन पहले नया छुरा खरीदकर लाया था

एजेंसी ⏩ बदायूं

शहर की बाबा कालोनी में मंगलवार को हुई दो बच्चों की हत्या का राजफाश गुरुवार शाम को हो गया। मुख्य आरोपित साजिद को पुलिस पहले ही मुठभेड़ में मार चुकी थी। गुरुवार सुबह साजिद के भाई जावेद ने बरेली में सरेंडर किया था।

इसके बाद उसे बदायूं लाया गया। जहां उसने पूछताछ में बेहद चौकाने वाली बातें बताई। जावेद ने पुलिस को बताया कि भाई साजिद की शादी को कई साल हो गए थे, लेकिन उसकी संतान नहीं हो रही थी। उसकी पत्नी के गर्भ में ही बच्चे मर जाते थे। जिससे वह दूसरों के बच्चों से नफरत करने लगा था। जावेद ने बताया कि वह मंगलवार को ही नया छुरा लाया था। उसके पूछने पर उसने बताया था कि रमजान के बाद गोश्त काटने के लिए लाया है। शाम को भाई साजिद ने कहा कि चलो विनोद के घर होकर आते हैं। इसके बाद वह विनोद के घर गए। लेकिन वह बाहर ही खड़ा रहा और साजिद अंदर चला गया। कुछ देर बाद वह बाहर आया तो खून से सना हुआ था और हाथ मे वही छुरा था।



### जावेद का होगा चिकित्सकीय परीक्षण

विनोद की पत्नी के चिल्लाने पर पता चला कि वह बच्चों को मार आया। इसके बाद वह दोनों वहां से भाग गए। अब पुलिस जावेद को चिकित्सकीय परीक्षण कराएगी। इसके बाद न्यायालय में पेश करने बाद जेल भेजेगी।

जौनपुर की विशेष कोर्ट से मिली है सात साल की सजा

सुनवाई के दौरान पीड़ित ने आरोपों को वापस ले लिया था

# जेल में मनेगी धनंजय सिंह की होली, हाईकोर्ट में अपील पर समय के अभाव में नहीं हो सकी सुनवाई

एजेंसी ⏩ प्रयागराज।

जौनपुर के पूर्व सांसद बाहुबली धनंजय सिंह की होली जेल में ही मनेगी। जौनपुर की विशेष कोर्ट से मिली सात साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में लगाई गई अपील पर सुनवाई नहीं हो सकी। इस अपील में धनंजय सिंह ने सजा पर रोक और जमानत की गुहार लगाई थी। धनंजय की अपील का नंबर काफी बाद का था। इससे समय का अभाव होने से सुनवाई नहीं हुई। नमामी गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण और रंगदाकी के मामले में जौनपुर की विशेष अदालत ने छह मार्च को धनंजय सिंह को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई थी। अदालत से जेल भेजे जाने के दौरान धनंजय सिंह ने सजा को चुनाव लड़ने से रोकने की साजिश करार दिया था।

धनंजय सिंह पर चार साल पहले प्रोजेक्ट मैनेजर ने अपहरण कर धमकी देने और रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था। प्रोजेक्ट मैनेजर की शिकायत पर धनंजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस ने धनंजय के खिलाफ चार्जशीट लगाई लेकिन सुनवाई के दौरान ही प्रोजेक्ट मैनेजर ने आरोपों को वापस ले लिया और हलफनामा भी लगाया था। अदालत ने इस हलफनामें और आरोपों से मुकरने को धनंजय सिंह से डर का कारण माना और पूर्व सांसद को दोषी मानते हुए सात साल की सजा सुना दी थी।



### सजा के कारण अब उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लग गई

सजा कुछ दिन पहले ही धनंजय ने जौनपुर से दोबारा लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। सजा के कारण अब उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लग गई है। ऐसे में धनंजय सिंह ने हाईकोर्ट की शरण ली और सजा पर रोक के साथ ही जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। उनकी अपील बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुई। 154 नंबर पर सूचीबद्ध होने की वजह से अपील पर सुनवाई नहीं हो सकी। ऐसे में अब होली की छुट्टी के बाद ही सुनवाई हो सकेगी। ऐसे में धनंजय सिंह का होली से पहले जेल से बाहर आने का सपना चूर हो गया है।

### माफिया मुख्तार ने अदालत में लगाई गुहार- जेल में दिया जा रहा जहर, कभी भी हो सकती है मौत

**बाराबंकी ।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी ने जेल के खाने में जहर देने का आरोप लगाया है। उसने कहा है कि इससे उसकी



तबीयत काफी गंभीर हो गई है और ऐसा लगता है कि कभी भी मृत्यु हो सकती है। मुख्तार अंसारी ने इसे बड़ा षड्यंत्र बताते हुए अदालत से इलाज करवाने की गुहार लगाई है। गुरुवार को बाराबंकी की एमपी एमएलए कोर्ट में गैंगस्टर मामले की पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी के वकील ने उसका प्रार्थना पत्र अदालत को सौंपा। मुख्तार अंसारी को बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया। एंबुलेंस प्रकरण के बाद बाराबंकी की शहर कोतवाली में मुख्तार समेत 12 पर दर्ज गैंगस्टर के मामले की सुनवाई चल रही है। एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के समक्ष मुख्तार को बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया। जबकि जफर उर्फ चंदा संतकबीरनगर नगर और अफरोज उर्फ चुन्नू गाजीपुर जेल से हाजिर हुए। इस दौरान हुई सुनवाई में किसी भी गवाह की उपस्थिति नहीं हुई लेकिन अदालत में मुख्तार के वकील ने अदालत को उसका प्रार्थना पत्र सौंपा।

## चिंतन

# एनपीए में कमी आने से सुधरेंगे बैंकिंग सेक्टर

बेशक अमेरिकी व यूरोपीय बैंकिंग सेक्टर की हालत पतली है और बैंकों को कर्ज पर ब्याज बढ़ाने पड़ रहे हैं, लेकिन भारतीय बैंकों की हालत में सुधार हो रही है। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के एनपीए (गैर-निष्पादित आस्तियों) में कमी आ रही है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछले छह माह में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में इस अवधि के दौरान गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। पिछले वर्ष दिसंबर में सरकार ने संसद में कहा था कि वर्ष 2015 से वर्ष 2023 के बीच बैंकों का एनपीए 10.42 लाख करोड़ है। इस दरम्यान करीब 1.61 लाख करोड़ रुपये एनपीए की वसूली भी हुई। सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक बैंड बैंक, वसूली के प्रति सख्ती, दिवालिया कानून में बदलाव, कड़ी मौद्रिक नीति, तर्कसंगत ब्याज दरें और सरकार की ओर से समय समय पर पीएसबी को पूंजी सहयोग के चलते भारतीय बैंकों के एनपीए में कमी आई और बैंकों की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ। ताजा सर्वे के मुताबिक, आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा। सर्वे में यह तथ्य भी सामने आया है कि इस अवधि में 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले छह महीनों में गैर-खाद्य उद्योग ऋण के लिए दृष्टिकोण आशावादी है, 41 प्रतिशत बैंकों को गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है, जबकि 18 प्रतिशत को लगता है कि गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से अधिक होगी। उद्योगों को कर्ज वृद्धि 10-12 प्रतिशत की सीमा में होगी। वित्त वर्ष 2024 के अंत तक भारतीय बैंकों का सकल एनपीए अनुपात 2.90-3.05 प्रतिशत हो सकता है। 30 सितंबर, 2023 तक एनपीए अनुपात 0.8 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर था। एसएंडपी ग्लोबल का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 तक एनपीए गिरकर 3.5% हो जाएगा। एनपीए का मतलब है गैर-निष्पादनकारी परिसंपत्तियां। यह वित्तीय संस्थानों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक ऐसा वर्गीकरण है जिसका सीधा संबंध कर्ज़/ऋण/लोन न चुकाने से होता है। जब ऋण लेने वाला व्यक्ति 90 दिनों तक ब्याज अथवा मूलधन का भुगतान करने में विफल रहता है तो उसको दिया गया ऋण एनपीए माना जाता है। आरबीआई ने अपनी द्विवार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में बताया कि शुद्ध एनपीए रेश्यो गिरकर 1.0 फीसदी पर आ गया है। जनधन खाते, कृषि क्षेत्र को सस्ती दर पर लोन, मुद्रा लोन, स्ट्रीट वेर को कर्ज व नई विश्वकर्मा योजना आदि के बावजूद अगर भारतीय बैंक एनपीए कम करने में सफल हो रहे हैं, तो यह बेहतर बैंकिंग प्रबंधन व अनुशासित वित्तीय प्रबंधन के बल पर संभव हो रहा है। एनपीए में कमी बैंकिंग सेक्टर की ग्रोथ को गति प्रदान करेगी, इसके लिए जरूरी है कि बैंक एनपीए वसूली के प्रति सख्त, सतर्क स सजग रहें।

## राजनीति

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# सरकार के गठन में महिला वोटरों की होगी अहम भूमिका

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। सीधी सी बात है कि 4 जून चुनाव परिणाम के दिन दोपहर बाद तक 18वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनावों ने देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीदवारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्यधारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हो या शहर महिलाएं अब पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। पिछले चुनावों के आंकड़ों से यह सब साफ हो चुका है। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता है तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम है। कमोबेश यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनावों में पुरुष मतदाताओं का प्रतिषत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रीपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिषत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हरसंभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किए जा रहे हैं, अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हरसंभव प्रयास होंगे। देश की विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनावों में हम यह साफ रूप से देख चुके हैं। केन्द्र सरकार की उज्ज्वला योजना, मध्यप्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा ने कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में देखा जा चुका है। आप महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। खैर यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं कि आने वाले चुनावों में राजनीतिक दलों की निगाहें महिला मतदाताओं की और ही रहेगी।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिक्षा में बुद्धिमत्ता से हो एआई का प्रयोग



दरकार

शिशिर शुक्ला

कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक वरदान के रूप में देखते हुए हमें इसका उपयोग विषम परिस्थितियों एवं ऐसी स्थिति में करना चाहिए जहां पर मानव सामान्य रूप से कार्य करने में समर्थ नहीं है। उदाहरण के लिए, हमने 3 वर्ष पहले कोरोना जैसी महामारी को झेला है। इस महामारी ने प्रत्येक मनुष्य को किसी न किसी रूप में एवं किसी न किसी स्तर तक प्रभावित किया है। ऐसे गंभीर संकटों के समय में शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा लिया जाना चाहिए। निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमता का प्रयोग शिक्षा के स्वरूपमें आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोग बुद्धिमत्ता के आधार पर किया जाए।

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है। यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शुरुआत 1950 में हुई थी, किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। हाल की बात की जाए तो नवंबर 2022 में चैट जीपीटी नामक ओपन एआई चैटबॉट के अस्तित्व में आने के बाद कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में निस्संदेह एक क्रांतिकारी प्रादुर्भाव हुआ है। चैट जीपीटी में उच्च स्तरीय अल्गोरिथम एवं प्रोग्रामिंग का प्रयोग करके प्रश्नों के उत्तर देने का एवं मानव के उन सभी कार्यों को सहज व सरल बनाने का प्रयास किया जाता है, जिनको पूर्ण करने के लिए उसे अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करना पड़ता है। इसी चैट जीपीटी को रोबोट के साथ संयुक्त करके कृत्रिम शिक्षक को अस्तित्व में लाया गया है। यहां पर एक विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का प्रयोग कहां तक उचित है एवं अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास के मार्ग पर इसी द्रुत गति से दौड़ती रही तो भविष्य का स्वरूप कैसा होगा। अभी कुछ ही दिन पहले की बात है कि इंग्लैंड के एक स्कूल ने एआई चैटबॉट को प्रिंसिपल हेड टीचर बनाया है एवं विद्यार्थियों को भी एआई आधारित पर्सनल असिस्टेंट दिए गए हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है, अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही मिलेगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है, किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता, क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचार शक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक है। आंकड़े यह कहते हैं कि एआई वर्ष 2030 तक 30 करोड़ नौकरियां खा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संबंध में की गई टिप्पणी भी यह कहती है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक ऐसी तकनीकी क्रांति है जो हमारी उत्पादकता, वैश्विक आय एवं विकास को बढ़ाएगी, किंतु यही तकनीकी क्रांति नौकरियां लील सकती है एवं असमानता की खाई को और अधिक चौड़ा कर सकती है। आखिर इन सभी रिपोर्टों का क्या मतलब है। क्या भविष्य में शिक्षक अपनी नौकरी से हाथ धो बैठेगा एवं उसे प्रतिस्थापित करने वाली एक निर्जीव मशीन होगी। संभवतः ऐसा अनुमान इसलिए लगाया जा रहा है कि मशीनी शिक्षक को कोई तनख्वाह नहीं चाहिए। उसे केवल और केवल अपने अंदर लगाई गई बैटरी की चार्जिंग की आवश्यकता है। वहीं दूसरी तरफ बजट का एक अच्छा खासा हिस्सा शिक्षकों के वेतन पर खर्च होता है। दूसरा बिंदु यह है कि मानव शिक्षकों के द्वारा समय-समय पर अपनी विभिन्न मांगों को प्रस्तुत किया जाता है एवं उनके पूर्ण न होने की दशा में विरोध प्रदर्शन भी किया जाता है, जबकि मशीनी शिक्षक कभी किसी तरह की कोई मांग प्रस्तुत नहीं करेगा, विरोध प्रदर्शन तो बहुत दूर की बात हो गई। कुछ अन्य अंतरों पर गौर करें तो मशीनी शिक्षक विद्यार्थियों को एक ही विषय चाहे जितनी बार पढ़ा सकता है जबकि मानव शिक्षक को एक ही बिंदु अथवा अध्याय की बार-बार पुनरावृत्ति करने के लिए कहने पर उसे मानसिक तनाव अथवा झुंझलाहट का अनुभव हो सकता है। इन तर्कों से तो यही प्रतीत होता है कि एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक बुद्धि पर आधारित मानव शिक्षक से हर मामले में बेहतर साबित होगा, किंतु यह केवल और केवल कोरी कल्पना है। सत्य यही है कि मानवता का स्थान मशीन कभी नहीं ले सकती। सवाल यह उठता है कि एआई को शिक्षा के क्षेत्र में किस हद तक दखल देने की अनुमति दी जाए।



तकनीक के सदैव से दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है, लेकिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं तो यह बेहतर होगा, किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी। इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को स्वयं अच्छे एवं बुरे की पहचान करते हुए सकारात्मक एवं प्रगति की ओर ले जाने वाली दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। शिक्षकों के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमता का सहारा केवल अपने ज्ञानवर्धन एवं विषय की अद्यतन जानकारी हेतु ही करना चाहिए। अनुप्रयोगों एवं नवाचारों के माध्यम से शिक्षक को हमेशा यह सिद्ध करते रहना चाहिए कि एक मशीन चाहे कितनी ही उन्नत दशा में क्यों न पहुंच जाए, वह एक जीते जागते शिक्षक का मुकाबला कदापि नहीं कर सकती। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक वरदान के रूप में देखते हुए हमें इसका उपयोग विषम परिस्थितियों एवं ऐसी स्थिति में करना चाहिए जहां पर मानव सामान्य रूप से कार्य करने में समर्थ नहीं है। उदाहरण के लिए, हमने 3 वर्ष पहले कोरोना जैसी महामारी को झेला है। इस महामारी ने प्रत्येक मनुष्य को किसी न किसी रूप में एवं किसी न किसी स्तर तक प्रभावित किया है। ऐसे गंभीर संकटों के समय में शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा लिया जाना चाहिए। निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग निस्संदेह शिक्षा के स्वरूप एवं स्तर में आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोग बुद्धिमत्ता के आधार पर किया जाए।

(लेखक भौतिकी विभाग में विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित

## दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

# कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित

## प्रेरणा

एकबार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहाः मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहाँ-जहाँ भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहाँ-जहाँ गए, स्नान किया वहाँ-वहाँ स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रिओ ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रिओ को बोध हो गया कि, हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आये है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ग्लोबल वार्मिंग के समाधान को हो गंभीर चिंतन

ग्लोबल वार्मिंग प्राणी जाति के साथ देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए बेहद हानिकारक है, क्योंकि इससे फसलों को जो नुकसान होता है, साथ में बीमारियों का कारण ग्लोबल वार्मिंग बनता है, उसके लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है। वैसे तो गर्मियों का मौसम आने ही वाला है, लेकिन समय से पहले ही गर्मी के मौसम जैसा माहौल बनना कहीं ग्लोबल वार्मिंग के खतरे की घंटी तो नहीं? मार्च में ही देश के कुछ राज्यों का तापमान जितना बढ़ रहा है, उतना बढ़ना नहीं चाहिए।

- संजय श्रीवास्तव, धमतरी

## ट्रेंड

### नैतिक दिवालियापन



कांग्रेस को जनता पूरी तरह से खारिज कर देगी। भारतीय लोकतंत्र और संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी की। वे आसानी से अपनी अप्रासंगिकता का दोष 'वित्तीय परेशानियों' पर मढ़ रहे हैं। दरअसल, उनका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है।

-जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### माफी नहीं मांगी



ट्रंप और उनके सहयोगियों ने रो बनाम वेड को पलटने के लिए कोई माफी नहीं मांगी। दरअसल, वे इसके बारे में डींगें हांकते हैं। उन्हें महिलाओं की शक्ति के बारे में कोई अंदाज़ा नहीं है-लेकिन वे इसका पता लगाने वाले हैं।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### साजिश कर रहे पीएम



कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते एक महीने पहले फ्रीज़ कर दिए। कांग्रेस को देश की 20 प्रतिशत जनता वोट देती है, लेकिन चुनाव से ठीक पहले आने जाने के लिए टिकट नहीं खरीद सकते। कांग्रेस के खिलाफ साजिश हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री कर रहे हैं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### सड़क पर हरे-भरे डिवाइडर



दिल्ली में, हवाई अड्डे के रास्ते में आप चाणक्यपुरी में नव पुनर्निर्मित सार्वजनिक उद्यान, राजमार्ग के दोनों ओर और सड़क के डिवाइडरों पर हरे-भरे भूदृश्य और रंग-बिरंगे फूलों की बहुतायत देखते हैं। सुथरे फुटपाथों को नहीं भूलना चाहिए।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# भारत-अमेरिका संबंध पहले से अधिक मजबूत : पेंटागन



अमेरिका के रक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध गहरे हो रहे हैं और पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। हालांकि कांग्रेस (संसद) के एक प्रभावशाली सदस्य ने इस बात पर जोर दिया कि रूस के साथ रिश्तों की वजह से भारत का रुख 'इधर-उधर' वाला है। हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर संसद की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। रैटनर ने डेमोक्रेटिक पार्टी से कांग्रेस के सदस्य एडम स्मिथ के एक प्रश्न के उत्तर में कहा, 'मैं अमेरिका-भारत रिश्तों को पहले से कहीं अधिक विकसित और मजबूत कहूंगा और ये स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के हमारे दृष्टिकोण के लिए जरूरी हैं।' उन्होंने कहा, 'हम संबंधों को कई क्षेत्रों में मजबूत कर रहे हैं जिसमें सह-उत्पादन शामिल है जहां हमने जेट इंजनों पर कुछ अहम प्रगति की है। हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं भी शामिल हैं, जो रिश्तों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में अहम हैं।'

## ऑफ बीट

# बच्चों के लिए भोजन जुटाना माता-पिता को पड़ रहा भारी



सबसे अच्छे समय में शिशुओं और छोटे बच्चों को खाना खिलाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। लेकिन जब परिवार पर्याप्त भोजन नहीं खरीद सकते, तो अलग-अलग रंग की सब्जियों, या आयरन से भरपूर मांस की बात तो छोड़ ही दें, यह और भी कठिन है। हमारे हाल ही में प्रकाशित शोध में, माता-पिता ने हमें बताया कि आर्थिक तंगी होने पर वे बच्चों को खिलाने के लिए कितनी मेहनत करते हैं। उन्होंने हमें यह भी बताया कि कैसे बजट की हमेशा मौजूद रहने वाली गड़बड़ी और पारिवारिक जीवन की वास्तविकताओं ने रिश्तों को तनावपूर्ण बना दिया और उनके मानसिक बोझ को बढ़ा दिया। जीवन-यापन की लागत के संकट में, छह में से एक ऑस्ट्रेलियाई बच्चा गरीबी में रहता है। पहले से कहीं अधिक परिवार खाद्य बैंकों से मदद मांग रहे हैं। इसलिए हमने माता-पिता से पूछा कि जब पैसे की तंगी हो तो छोटे बच्चों को खाना खिलाना कैसा होता है। हमने 29 ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता का साक्षात्कार लिया जिनके कम से कम एक बच्चे की उम्र छह महीने से तीन साल के बीच थी। अधिकांश की आय गरीबी रेखा के आसपास या उससे नीचे थी। माता-पिता की औसत आयु 32 वर्ष थी, जिसमें 28 माताएँ और एक पिता शामिल थे। उन्होंने हमें जो जानकारी दी वह इस प्रकार थी। पारिवारिक तनाव बढ़ता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पूर्व मंत्री आनंद शर्मा ने अध्यक्ष खरगे को पत्र लिखकर राहुल को घेरा

# जाति गणना कोई रामबाण नहीं, यह समावेशी, सर्वव्यापी दृष्टिकोण भी नहीं हो सकता, इससे न बेरोजगारी दूर होगी न ही कोई 'समस्या'


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जातिगत जनगणना पर कांग्रेस में कलह उभर कर सामने आया है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य और पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के जाति जनगणना वाले बयान पर निशाना साध खुलकर नाराजगी जाहिर की है।

शर्मा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा है और कहा है कि जाति जनगणना रामबाण नहीं है और न ही इससे बेरोजगारी दूर हो सकती है। खरगे को लिखे खत में आनंद ने कहा कि ऐसा करना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर करने जैसा होगा। कांग्रेस के शीर्ष नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बार-बार जाति जनगणना कराए जाने की बात से आनंद शर्मा खुश नहीं हैं। अब कांग्रेस के भीतर प्रमुख चुनावी मुद्दों में से एक जाति जनगणना पर पार्टी के अंदर की कलह साफ उजागर हो गई है। आनंद ने जाति आधारित जनगणना पर केंद्रित पार्टी के चुनाव अभियान पर कड़ी आपत्ति जताई है और इसे कांग्रेस के पीएम इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर करना बताया है।

### लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में आंतरिक कलह उजागर

### यह मुद्दा उठाना इंदिरा और राजीव गांधी का भी अपमान होगा





### राजीव ने कहा था-जाति को परिभाषित किया तो हमें समस्या

आनंद ने 1990 में लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में राजीव गांधी के उस बयान का भी हवाला पत्र में दिया है, जहां पूर्व पीएम ने कहा था कि अगर हमारे देश में जातिवाद को स्थापित करने के लिए जाति को परिभाषित किया जाता है तो हमें समस्या है। अगर संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जातिवाद को एक विषय बनाया जाएगा तो हमें समस्या होगी। ऐसे में कांग्रेस खड़े होकर इस देश को विभाजित होते हुए नहीं देख सकती।

### पूर्व प्रधानमंत्रियों के नारों का हवाला दिया

### न जात पर न पांत पर मुहर लगेगी हाथ पर

शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के समावेशी और सर्वव्यापी दृष्टिकोण को याद करते हुए इंदिरा और राजीव के लोकप्रिय नारों का हवाला दिया और कहा कि पार्टी का वर्तमान रुख पिछली कांग्रेस सरकारों की विचारों के साथ मेल नहीं खाता है और इसकी वजह से पार्टी के राजनीतिक विरोधियों को कीचड़ उछालने का मौका मिल जाएगा। शर्मा ने इंदिरा के 1980 के उस नारे को याद दिलाया, जब कहा जाता था, 'ना जात पर ना पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर।'

### कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में दी है गारंटी

लोकसभा चुनाव 2024 का प्रचार अभियान चरम पर है। कांग्रेस पार्टी अपनी खोई जमीन हासिल करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही है। कांग्रेस ने अपने प्रचार अभियान में जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। कांग्रेस ने इस मांग को हिस्सेदारी न्याय के तहत रखा है। कांग्रेस ने गारंटी दी है कि उसकी पार्टी अगर सरकार में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ ही आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को भी खत्म किया जाएगा।

**मुंबई के लिए एमवीए में बंटवारा**

### कांग्रेस को 6 में से मिली 2 सीटें, निरुपम को झटका



**मुंबई।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर महाराष्ट्र की सीटों को लेकर कांग्रेस, शरद पवार गुट और उद्धव ठाकरे की पार्टी के गठबंधन महाविकास अघाड़ी एमवीए) के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन गई है। मुंबई की 6 सीटों के बंटवारे को लेकर फॉर्मूला भी सामने आ गया है। कांग्रेस मुंबई की कुल 6 लोकसभा सीटों में से 2 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। समझौते के मुताबिक संजय निरुपम वाली सीट उद्धव ठाकरे गुट को दी गई है।ये सीटें हैं- मुंबई नॉर्थ, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ ईस्ट, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल, मुंबई साउथ सेंट्रल और मुंबई साउथ।

### कांग्रेस ने विधानसभा के लिए जारी की 34 कैंडिडेट की सूची

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को 34 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। सूची में सनेहे फुंटसोक, कोम्पू डोलो, ओकराम योसुंग, टोबिंग लेगो जैसे नेताओं को शामिल किया गया है। यहां 60 सीटें हैं। मुक्तो-एसटी सीट से भाजपा उम्मीदवार और सीएम पेमा खांडू के खिलाफ सनेहे फुंटसोक को मैदान में उतारा है।

### कांग्रेस ने जारी की 57 कैंडिडेट्स की तीसरी सूची

**अधीर रंजन बेरहामपुर से उम्मीदवार**

कांग्रेस ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, बंगाल और पुडुचेरी की 57 सीटों पर उम्मीदवारों को टिकट दिया है। इन 57 सीटों में अरुणाचल प्रदेश की 2, गुजरात की 11, कर्नाटक की 17, महाराष्ट्र की 7, राजस्थान की 6, तेलंगाना की 5, बंगाल की 8 और पुडुचेरी की 1 सीट शामिल है। अरुणाचल प्रदेश पश्चिम सीट से नबाम तुकी, पूर्व सीट से बोसीराम सिरम को मैदान में उतारा है। चंदनजी ठाकुर को गुजरात की पाटन सीट से और तुषार चौधरी को साबरकांठा से, गांधीनगर सीट से अमित शाह के खिलाफ सोनल पटेल को, मल्लिकार्जुन खरगे के दामाद राधा कृष्ण को कर्नाटक की गुलबर्गा सीट से उम्मीदवार बनाया है। बंगाल की बहरामपुर सीट से अधीर रंजन चौधरी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने कोलकाता उत्तर से प्रदीप भट्टाचार्य, पुरुलिया से नेपाल महतो और महाराष्ट्र के सोलापुर से परिणीति शिंदे को टिकट दिया है।

**4 राज्यों में नए चुनाव प्रभारियों का ऐलान**

### चुनाव के पहले भाजपा ने किया फेरबदल



भाजपा ने लोकसभा चुनाव के पहले 4 राज्यों में अपने नए चुनाव प्रभारियों का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश में अपने नए चुनाव प्रभारी नियुक्त किए हैं। ओमप्रकाश माथुर को छत्तीसगढ़, प्रकाश जावड़ेकर को तेलंगाना, राजस्थान के लिए प्रह्लाद जोशी और भूपेंद्र यादव को मध्य प्रदेश की कमान सौंपी है। सह चुनाव प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। प्रह्लाद जोशी को राजस्थान का चुनाव प्रभारी तो नितिन पटेल, कुलदीप बिश्नोई को सह चुनावी प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ की बात करें तो ओम प्रकाश माथुर को चुनाव प्रभारी और डॉ. मनसुख मांडविया को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में भूपेंद्र को चुनाव प्रभारी और अश्विनी वैष्णव को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। तेलंगाना की बात करें तो प्रकाश जावड़ेकर को प्रदेश का चुनाव प्रभारी तो वहीं सुनील बंसल को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

### एनडीए से गया में मांझी करेंगे नामांकन



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा अटका हुआ है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की 40 सीटों के बंटवारे के बाद अब पहले चरण के चुनाव के लिए प्रत्याशी के नाम अंतिम तौर पर सामने आने लगे हैं। शुरुआत भूतपूर्व सीएम जीतन राम मांझी से हुई है। गया (आरक्षित) सीट पर उनके नाम की घोषणा की है।

**तमिलनाडु की 9 सीटों पर नाम तय**

### पूर्व राज्यपाल सुंदरराजन और अन्नामलाई को भी टिकट



भाजपा ने तीसरी लिस्ट जारी करते हुए नौ उम्मीदवारों की घोषणा की है। कोयंबटूर से अन्नामलाई को भाजपा ने चुनावी मैदानी में उतारा है। चेन्नई दक्षिण से तमिलिसाई सुंदरराजन, चेन्नई सेंट्रल से विनोज पी. सेल्वम, वेल्लोर से एसी शनमुगम, कृष्णागिरी से सी. नरसिम्हन, नीलगिरी से एल. मुरुगन, पेरंबलुर से टीआर परिवेन्धर, थूथुकुड़ी से नैनार नागेंद्रन और कन्याकुमारी से पोन. राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया गया है।भाजपा की पहली सूची में 195 नामों का ऐलान किया गया था, जिसमें 34 केंद्रीय और राज्य मंत्रियों के नाम सूची में थे।

---

## खबर संक्षेप

### सांसद सूर्या और शोभा के खिलाफ केस दर्ज



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में हनुमान चालीसा और अजान विवाद में एक दुकानदार की पिटाई के बाद विरोध प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। 19 मार्च को विरोध प्रदर्शन किया था। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे, पार्टी सांसद पीसी मोहन और 41 अन्य सहित भाजपा नेताओं के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### उत्तर रेलवे ने 50% तक सस्ता किया रेल किराया



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों को होली से पहले बड़ा तोहफा दे दिया है। नॉदर्न रेलवे ने लोगों राहत देते हुए टिकट दाम में कटौती का बड़ा ऐलान किया है। कश्मीर घाटी की तरफ जाने वाली ट्रेनों का किराया कम कर दिया गया है। अब ट्रेन के सेकंड-क्लास में सफर करने वाले यात्रियों को किराए में 40-50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### जेल में दिया जा रहा जहर, मृत्यु का खतरा



**बाराबंकी।** बांदाजेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी ने जेल के खाने में जहर देने का आरोप लगाया है। उसने कहा है कि इससे उसकी तबीयत काफी गंभीर हो गई है और ऐसा लगता है कि कभी भी मृत्यु हो सकती है। मुख्तार ने अदालत से इलाज करवाने की गुहार लगाई है। गुरुवार को बाराबंकी की एमपी एमएलए कोर्ट में गैंगस्टर मामले की पेशी हुई थी।

### एएमयू में होली खेल रहे छात्रों को दौड़ाकर पीटा



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश की अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में गुरुवार को होली खेलने के दौरान बवाल हो गया। आरोप है कि होली खेल रहे छात्रों से एक धर्म विशेष के छात्रों द्वारा मारपीट की। वीडियो में सामने आया है कि होली खेल रहे कुछ लड़कों की पिटाई की जा रही है। इससे छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा और वह हंगामा करने लगे।

---

### चुनाव आयोग ने 4 राज्यों में गैर-कैडर अफसरों के तबादले किए

# जिलाधिकारियों व एसपी का ट्रांसफर कुछ के तो राजनेताओं से भी 'संबंध'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 4 राज्यों के गैर-कैडर अधिकारियों, जो जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पदों पर तैनात हैं, उनके तबादले के आदेश दिए हैं। जिन राज्यों के अधिकारियों के तबादले के आदेश दिए गए हैं, उनमें गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। जिन अधिकारियों के तबादले के आदेश दिए गए हैं, उनमें गुजरात में छोटा उदयपुर और अहमदाबाद ग्रामीण इलाकों के एसपी, पंजाब राज्य के पठानकोट, फाजिल्का, जालंधर ग्रामीण और मलेरकोटला जिले के एसएसपी शामिल हैं। चुनाव आयोग ने ओडिशा के ढेंकानाल के जिलाधिकारी, देवगढ़, कटक ग्रामीण इलाके के एसपी के नाम भी शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल में जिन अधिकारियों के तबादले के आदेश दिए गए हैं, उनमें पूर्व मेदिनीपुर, झारग्राम, पूर्व बर्धमान और बीरभूम जिले के जिलाधिकारी शामिल हैं। चुनाव आयोग ने पंजाब में बठिंडा के एसएसपी, असम में सोनितपुर के एसपी का भी तबादला किया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि उन्होंने नेतृत्वकर्ता पदों पर तैनात गैर-कैडर अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है।

**पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर, झारग्राम, पूर्व बर्धमान और बीरभूम जिले में किया परिवर्तन**

**गुजरात में छोटा उदयपुर और अहमदाबाद ग्रामीण इलाकों के एसपी को बदलने का आदेश**

### इन प्रदेशों में गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल




### 5 गैर-कैडर जिलाधिकारी भी इधर उधर किए

इसके तहत आयोग ने 8गैर-कैडर एसपी और एसएसपी अधिकारियों और 5गैर-कैडर जिलाधिकारियों के तबादले का आदेश दिया है। दरअसल जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें से कुछ के राजनेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं। सोनितपुर के एसपी सुशांत बिस्व सरमा, राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा के भाई हैं। इसी तरह पंजाब में एसएसपी भटिंडा हरननबीर सिंह गिल कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह गिल के भाई हैं।

### 6 राज्यों के गृह सचिव भी बदले थे

इससे पहले चुनाव आयोग ने 18 मार्च को भी देश के विभिन्न राज्यों के गृह सचिवों का तबादला करने का आदेश दिया था। चुनाव आयोग ने बीएमसी के आयुक्त इकबाल सिंह चहल और पश्चिम बंगाल के डीजीपी का भी तबादला करने का आदेश दिया था। आयोग ने बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों का तबादला करने का भी आदेश दिया था। आयोग ने मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य विभाग के सचिव को भी हटाने के आदेश दिया था। चुनाव आयोग ने बीते हफ्ते ही देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान किया था। चुनाव आयोग ने कहा था कि वे निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे, ऐसे में बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादलों को भी निष्पक्ष चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

**उधर, सीजेआई ने राज्यपाल को लगाई 'फटकार'**

### खुद को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर समझ रहे गवर्नर रवि



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने डीएमके नेता के पोनमुडी को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने पर तमिलनाडु के गवर्नर आरएन रवि को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना कर रहे हैं। सीजेआईचंद्रचूड़ ने मामले में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार से भी सवाल करते हुए कहा कि यदि राज्यपाल संविधान का पालन नहीं करते हैं तो सरकार क्या करती है? मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सिफारिश के बावजूद राज्यपाल ने पोनमुडी को फिर से मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर मंजूरी देने से इनकार कर दिया था। हाल ही में पोनमुडी की आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषसिद्धि और तीन साल की सजा पर कोर्ट ने रोक लगा दी थी।

**पीठ ने हैरानी भी जताई**

सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने हैरानी जताते हुए कहा कि राज्यपाल रवि कैसे कह सकते हैं कि पोनमुडी की दोबारा नियुक्ति संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ होगी। हम रवि को 24 घंटे के भीतर निर्णय लेने का निर्देश देते हैं। बेंच ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से कहा कि अटॉर्नी जनरल ने कहा कि राज्यपाल आरएन रवि के आचरण को लेकर काफी चिंतित हैं। जिन लोगों ने उन्हें सलाह दी है, उन्होंने उन्हें ठीक से सलाह नहीं दी है।

---

**नोएडा कोर्ट में भाटिया के साथ हाथापाई**

# जिला जज सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखें और पेश करें



**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया के साथ नोएडा कोर्ट में हुई झड़प का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अब खुद एक्शन लिया है। बुधवार को नोएडा कोर्ट में वरिष्ठ वकील से हाथापाई और बैंड छीनने के मामले में शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने नोटिस जारी कर गंभीर मामला माना है।

सुप्रीम कोर्ट ने गौतमबुद्ध नगर के जिला न्यायाधीश को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज अगले आदेश तक सुरक्षित रखा जाए और घटना पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने इस घटना को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ के ध्यान में लाया। इसमें बताया गया कि कैसे एक वकील ने भाटिया और उनके साथी वकील के साथ धक्का-मुक्की की और उन्हें जबरदस्ती हटा दिया। सिंह ने अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को नोटिस जारी किया। एक महिला वकील भी पीठ के समक्ष पेश हुईं और दावा किया कि एक मामले में पेश होने के दौरान एक अलग अदालत में उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। जिसके बाद पीठ ने कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह न्यायालय रिकॉर्ड पर रखी गई बात को स्वीकार न करे। आमतौर पर, हम याचिका पर जोर देते हैं लेकिन उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के दो सदस्यों पर हमला गंभीर है। हम रजिस्ट्रार को स्वतः संज्ञान रिट याचिका दर्ज करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों।

### भाटिया की वकीलों से कहासुनी

बुधवार को ग्रेटर नोएडा स्थित सूरजपुर जिला न्यायालय में भाजपा प्रवक्ता भाटिया की वहां मौजूद वकीलों से कहासुनी हो गई थी। गौरव भाटिया सूरजपुर कोर्ट में कुछ काम के सिलसिले में पहुंचे थे और इस दौरान यहां वकीलों की हड़ताल चल रही थी। कहा जा रहा है कि इस दौरान किसी बात को लेकर कोर्ट परिसर में मौजूद वकीलों और गौरव भाटिया के बीच नोकझोंक हो गई।

---

**चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का मामला**

# चुनावों पर असर होगा, हम अब नहीं लगा सकते रोक

### चुनौती देने वाली याचिका शीर्ष कोर्ट में खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में हुए दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है और उनकी नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि इस चरण में आकर नियुक्ति पर रोक लगाने से न सिर्फ लोकसभा चुनावों पर असर होगा बल्कि इससे अराजकता भी पैदा होगी।

कोर्ट ने केंद्र की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं और पूछा है कि आखिर इतनी जल्दबाजी क्यों की गई? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि



चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया अपनाने में थोड़ा और वक्त दिया जाना चाहिए था। पीठ ने 2023 के कानून के अनुसार की गई दो चुनाव आयुक्तों नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि आम तौर पर, हम अंतरिम आदेश के माध्यम से किसी कानून पर रोक नहीं लगाते हैं।

---

**पीआईएल पर हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी से किया सवाल**

## केजरीवाल, वक्फ बोर्ड को नोटिस जारी किया

# यहां केवल इमामों को क्यों दिया जा रहा वेतन?

### उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से मांगा जवाब, 22 जुलाई को सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाई कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार और दिल्ली वक्फ बोर्ड को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया।

इसमें सरकारी पैसों से इमामों और मुअज्जिनों को वेतन देने की नीति को चुनौती दी गई है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 22 जुलाई को होगी। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के अनुसार एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने कहा कि यदि एक संस्था को मदद दी जाती है तो दूसरे धार्मिक संस्थाएं भी आर्थिक मदद मांगने के लिए कल आगे आ सकती हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील सौरभ कृपाल ने कहा कि विशेष धर्म को प्राथमिकता क्यों दी जा रही है?



### अन्य लोग भी मांगेंगे सब्सिडी

बेंच ने कहा कि यदि यह एक धर्म के साथ किया जाता है तो दूसरे भी कहेंगे कि हमें सब्सिडी दीजिए। क्या कहां खत्म होगा? ये वो लोग नहीं हैं जो राज्य के लिए काम कर रहे हैं। साउथ इंडिया में या देश के दूसरे हिस्सों में जाइए और आप दखेंगे कि धार्मिक संस्थाएं बड़ी भूमिकाएं निभाती हैं। यदि आप प्राचीन भारत के बारे में पढ़ेंगे पूरी अर्थव्यवस्था मंदिरों के ईर्द-गिर्द घूमती है।

**4 सप्ताह में जवाब देने को कहा**

कोर्ट ने दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भी पक्षकार बनाया और सभी पक्षों को चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। याचिकाकर्ता वकील रुकमणि सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान कहता है कि राज्य को सेक्युलर रहना है और इसलिए एक धर्म के लोगों को वेतन/मानदेय देने की दिल्ली सरकार की नीति संविधान के खिलाफ है।

### वकील का सवाल- सिर्फ एक धर्म पर क्यों कर रहे 'कृपा'

वरिष्ठ वकील सौरभ कृपाल ने दलील दी कि दिल्ली सरकार की नीति संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 266 और 282 के खिलाफ है। उन्होंने कहा, आदर्श रूप से किसी धर्म को टैक्सपेयर के पैसे पर सब्सिडी मिलनी चाहिए, यह एक धर्म निरपेक्ष राज्य का मूलभूत सिद्धांत है। यदि पैसे देने हैं तो सिर्फ एक धर्म को क्यों दिया जा रहा है, अन्य को क्यों नहीं?' उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट के एक फैसले का भी हवाला दिया जिसमें पश्चिम बंगाल की सरकार की इसी तरह की एक स्कीम को बंद कर दिया गया। कृपाल ने जोर देकर कहा कि इमामों और मुइज्जिनों को हर साल 10 करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं। कहा कि यह पैसा उन लोगों को भी जा रहा है जो वक्फ बोर्ड से नहीं जुड़े हैं।

## खबर संक्षेप

### टीएसी इन्फोसेक का आईपीओ 27 मार्च को खुलेगा




**नई दिल्ली।** जोखिम प्रबंधन क्षेत्र की वैश्विक कंपनी टीएसी इन्फोसेक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 27 मार्च को खुलेगा। टीएसी इन्फोसेक ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 100-106 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ दो अप्रैल को बंद होगा।

### न्यूजीलैंड 18 महीनों में दूसरी बार आया मंदी की चपेट में




**वेलिंगटन।** सकल घरेलू उत्पाद आंकड़ों के नवीनतम दौर में 2023 की अंतिम तिमाही में न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था में गिरावट की पुष्टि होने के बाद देश में 18 महीनों में दूसरी बाद मंदी का दौर आ गया है। स्टेट्स एनजेड ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि दिसंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था में 0.1 प्रतिशत और प्रति व्यक्ति के हिसाब से 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### किआ के वाहन एक अप्रैल से तीन फीसदी होंगे महंगे




**नई दिल्ली।** वाहन कंपनी किआ इंडिया एक अप्रैल, 2024 से अपने वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि यह निर्णय जिंस कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित लागत में वृद्धि को देखते हुए लिया गया है। किआ सेल्टोस, सोनेट और कैरेन्स मॉडल बेचती है।

### नवीन जिंदल ने आईएसए के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिंदल ने बृहस्पतिवार को भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया। आईएसए ने बयान में कहा कि नवीन जिंदल ने एएमएनएस इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप ओमेन का स्थान लिया है। उनका कार्यकाल 21 मार्च से प्रभावी हो गया है।



## फिक्की-आईबीए बैंकर ने जारी की सर्वे रिपोर्ट

# सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह के दौरान आई कमी

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था।

- निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा
- 77 फीसदी बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई
- निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में पीएसयू बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता सुधरी

### सकल एनपीए का दायरा 3 से 3.5 फीसदी के दायरे में रहेगा

सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। संपत्ति के आकार के आधार पर वर्गीकृत ये बैंक कुल मिलाकर लगभग 77 प्रतिशत बैंकिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिक्की-आईबीए बैंकर्स रिपोर्ट में शामिल आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा।




*22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा : सर्वेक्षण में कहा गया, 'प्रतिक्रिया देने वाले सभी पीएसबी ने एनपीए के स्तर में कमी स्वीकार की है, जबकि भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत बैंकों ने एनपीए में कमी देखी है। किसी भी पीएसबी और विदेशी बैंक ने पिछले छह माह में एनपीए स्तर में वृद्धि नहीं देखी है, जबकि 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है।'*

### बैंकों ने उच्च एनपीए के क्षेत्रों को किया चिन्हित

जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले छह महीनों में गैर-खाद्य उद्योग ऋण के लिए दृष्टिकोण आशावादी है, 41 प्रतिशत बैंकों को गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है।

### बैंकों तक पहुंच आसान बनाने दिशानर्देश जारी

सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र तक पहुंच को सुगम करने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर लोगों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं ताकि बैंकिंग सेवाओं को दिव्यांगों समेत सभी लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके। दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के नियमों के मसौदे में बैंकिंग क्षेत्र के भीतर भौतिक बुनियादी ढांचे, स्वचालित मशीनों, डिजिटल मंच और प्रशिक्षण पहल के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है।

### सेवा काउंटर सभी के लिए सुलभ हों

इन दिशानिर्देशों में कहा गया है कि इसका उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो बैंकों के भीतर विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों का स्वागत और समायोजन कर सके। इसके मुताबिक, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जानकारी या सेवा काउंटर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हों। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, छोटे कद के व्यक्तियों और देखने-सुनने में अक्षम लोगों के लिए प्रावधान शामिल हैं।

### 20 अप्रैल तक सुझाव आमंत्रित

दिशानिर्देशों में एटीएम और स्वयं-सहायता मशीनों के लिए पहुंच प्रावधानों का विस्तृत विवरण दिया गया है। इसके अलावा बैंकिंग वेबसाइट और डिजिटल दस्तावेजों को विकलांग उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ बनाने के लिए तैयार किया किया जाना चाहिए। सरकार ने आम जनता और हितधारकों से प्रस्तावित दिशानिर्देशों पर 20 अप्रैल तक प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित किए हैं।

## डिजिटलीकरण के जोखिमों से बचाने नियामकीय ढांचा जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के तेजी से डिजिटल होने और वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार होने से ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामीनाथन ने पेरिस में आयोजित 'ग्लोबल मनी वीक2024' को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है।



- आरबीआई डिप्टी गवर्नर ने किया ग्लोबल मनी वीक को संबोधित

स्वामीनाथन ने कहा कि डिजिटलीकरण में इस उछाल के साथ वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार भी हुआ है। उन्होंने कहा कि अक्सर नियामकीय दायरे के बाहर काम करते हुए और पारंपरिक बैंकों को प्रभावित करने वाली परंपरागत प्रणालियों से न बंधी हुई वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय उत्पादों की पेशकश में उल्लेखनीय तीव्रता और अनुकूलनशीलता दर्शाती प्रदर्शित करती हैं। स्वामीनाथन ने कहा, 'ये विकास वास्तव में स्वागतयोग्य हैं।

### चुनौतियों से निपटने सक्रिय रहना जरूरी

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने विनियमन, पर्यवेक्षण और बढ़ी हुई उपभोक्ता जागरूकता के माध्यम से भारत में अपनाए गए कुछ दृष्टिकोण भी साझा किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उभरते जोखिमों और चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्क और सक्रिय रहना जरूरी है।

## वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख से सेंसेक्स 539 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांकों में बृहस्पतिवार को लगभग एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अनुमान जताया है कि इस साल ब्याज दर में तीन बार कटौती की जाएगी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक उछलकर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.77 अंक तक उछलकर 72,882.46 अंक पर पहुंच गया था। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब सेंसेक्स लाभ में रहा है। निफ्टी भी 172.85 अंक चढ़कर 22,011.95 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो सबसे अधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, मारुति सुजूकी, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।



- निफ्टी 22,000 अंक के पार निकला
- फेड ने साल में तीन बार ब्याज दर कटौती के दिए संकेत

**निवेशकों की पूंजी 5.72 लाख करोड़ रुपए बढ़ी:** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी के चलते बृहस्पतिवार को निवेशकों की पूंजी 5.72 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बाजार में इस तेजी की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 5,72,752.79 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,85,669.12 करोड़ रुपये हो गया।

## कार, मशीनरी की मांग से जापान का निर्यात आठ फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

कारों और इलेक्ट्रिकल मशीनरी निर्यात में तेजी के बीच फरवरी माह में जापान के कुल निर्यात में 7.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सीमा शुल्क के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कुल निर्यात 8.2 लाख करोड़ येन (55 अरब डॉलर) रहा। देश के निर्यात में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी में व्यापार घाटा सालाना आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक घटकर 379 अरब येन (2.5 अरब डॉलर) रह गया है। यह लगातार दूसरा महीना है जबकि जापान व्यापार घाटे की स्थिति में है। आंकड़ों के अनुसार, चीन को निर्यात केवल 2.5 प्रतिशत बढ़ा और पूरे एशिया में निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत अधिक हुआ। इससे पता चलता है कि मांग कम हो गई है। अमेरिका को निर्यात 18 प्रतिशत बढ़ा और यूरोपीय संघ (ईयू) को निर्यात लगभग 16 प्रतिशत बढ़ा है। आयात की तस्वीर मिली-जुली रही। चीन से आयात 1.7 लाख करोड़ येन (236 अरब डॉलर) का रहा है, जो सालाना आधार पर लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि है।




- फरवरी में कुल निर्यात 8 .2 लाख करोड़ येन रहा
- देश के निर्यात में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी हुई

*जापान दुनिया की चौथी बढ़ी अर्थव्यवस्था : कोयले और तरलीकृत प्राकृतिक गैस जैसी प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के कारण आयात में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह कुल मिलाकर लगभग नौ लाख करोड़ येन (60 अरब डॉलर) रहा। जापान इस समय दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।*

## डायरेक्ट सेलिंग उद्योग की बिक्री 12 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** भारत में डायरेक्ट सेलिंग (प्रत्यक्ष बिक्री) उद्योग ने बीते वित्त वर्ष (2022-23) में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। एक रिपोर्ट में कहा गया कि इस दौरान इसने 'वेलनेस' और सौंदर्य प्रसाधन एवं व्यक्तिगत देखभाल खंड की अगुवाई में 21,282 करोड़ रुपये (2.5 अरब डॉलर से अधिक) की बिक्री दर्ज की है। इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) द्वारा बुधवार को जारी वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, वित्त वर्ष 2022-23 में सक्रिय विक्रेताओं की कुल संख्या भी बढ़कर 86 लाख हो गई है, जिनमें से 63 प्रतिशत पुरुष हैं और शेष महिला बिक्री भागीदार हैं। आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पहले प्रत्यक्ष बिक्री क्षेत्र में पारंपरिक रूप से महिलाओं का वर्चस्व था।

## श्नाइडर इलेक्ट्रिक भारत को विनिर्माण केंद्र बनाएगा

**बेंगलुरु।** ऊर्जा प्रबंधन और स्वचालन क्षेत्र की कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने कहा कि वह भारत को घरेलू बिक्री के साथ निर्यात के लिए अपना विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 2026 तक 3,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने इस योजना के तहत बृहस्पतिवार को यहां डेटा सेंटर के लिए कूलिंग समाधान तैयार करने को 100 करोड़ रुपये के निवेश से एक संयंत्र का उद्घाटन किया। श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के अध्यक्ष (वृहद भारत) और प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपक शर्मा ने संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर पीटीआई-भाषा से कहा कि कंपनी भारत को समूह के लिए विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 3,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके हिस्से के रूप में, कंपनी पूरे भारत में अपने विभिन्न उत्पादों और समाधान के लिए विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और ओडिशा में कारखाने स्थापित कर रही है।

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये

नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि

दीपक शास्त्री

E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59

8586896357

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**जॉब**

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद-फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782

**उत्तर रेलवे**

शुद्धिपत्र

संदर्भ: 1. टेंडर नोटिस संख्या 81/2023–24 दिनांक 05.01.2024 क्रम सं. 11

2. टेंडर संख्या 08235705 नियत तिथि 11.03.2024

उपरोक्त संदर्भित टेंडर के खुलने की नियत तिथि 11.03.2024 से बदल कर 15.04.2024 कर दी गई है। शेष सभी नियम एवम शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। www.ireps.gov.in

899/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82242014 | आईहांस आईओएल/समतुल्य (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 400 no's | 12.04.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 82242014 दिनांक : 20.03.2024

900/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.**

(A Government of India Enterprise - Mini Ratna)

CIN : L74899DL1999GOI101707

LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए बोलियां आमंत्रित करता है:–

खुली ई–निविदा 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी–एफएफयू/खुली निविदा, आईआरसीटीसी/उत्तर क्षेत्र के तहत भारतीय रेल के बी, सी और डी श्रेणी के स्टेशनों पर फास्ट फूड यूनिट्स और फूड प्लाजा की स्थापना, संचालन और प्रबंधन हेतु। ई–निविदा दस्तावेज की उपलब्धता: 26.03.2024 के बाद। एनजेड ऑफिस नई दिल्ली में बोली–पूर्व बैठक 02.04.2024 को 12:30 बजे। जमा करने की अंतिम तारीख: 15.04.2024 को 15:00 बजे तक।

खुली ई–निविदा, रेल नीर प्लांट, एनटीपीसी परिसर, सिम्हाद्रि, विशाखापत्तनम (ए.पी.) के पास 11/0.433 केवी, 500 केवीए कॉम्पैक्ट सेकेंडरी सबस्टेशन की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और कनेक्शन के काम हेतु। जमा करने की अंतिम तारीख 08.04.2024 को 15:00 बजे तक।

विवरण हेतु www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC और eprocure.gov.in/cppp देखें। दस्तावेज़ डाउनलोड करना और भागीदारी www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन पर जारी किसी भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट के संबंध में, उसे सिर्फ मामले में, इसे सिर्फ www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC और eprocure.gov.in/cppp पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

कार्यालय पताः आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोनः 011–23311263–64 फैक्सः 011–23311259

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमृतपाल सिंह, पुत्र दर्शन सिंह,** निवासी मकान नं. 5बी/28ए, विष्णु गार्डन, दिल्ली ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 136/2021, धारा 420/380/448/506/34 भा.द.सं.** के तहत थाना तिलक नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमृतपाल सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमृतपाल सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 136/2021, धारा 420/380/448/506/34 भा.द.सं.** के तहत थाना तिलक नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमृतपाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 06.05.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
देवांशु सजलान
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–07
कमरा नं. 289, दूसरा तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3227/WD/2024

**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव नाम: मालूम नही, पुत्र: मालूम नही, निवासी: मालूम नही, उम्र: लगभग 40 वर्ष, कद: 5'7", रंग: गेहुंआ, चेहरा: अंडाकार, शरीर: पतला, पहनावा: नीले रंग की पैंट मेहरून रंग की चेक शर्ट पहने है। जो हरदयाल लाइब्रेरी के पास फुटपाथ पर चांदनी चौक, दिल्ली मे मृत पाया गया था, इस बाबत DD No. 62-A दिनांक. 24.02.2024 थाना: कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है। इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
कोतवाली, दिल्ली
फोन नं. 23953442

DP/3298/N/2024

## राशिफल

**मेष:** परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या:** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ:** फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन:** वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5460



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष–2
2.आफत,मुसीबत–2
3.यमराज–2
4.तीर, बाण–2
6.आनेवाला दिन–2
7.उत्साह–2
8.उचित, सही–3
9.बंधन–2
10.बाण–2
11.उपवन, जंगल–3
12.सरिता–2
13.शिविर, तंबू–2
14.रुई साफ करना–3
16.फंदा, पाश–2
17.भीरु, डरपोक–3
18.तालाब –2
19.सम्मान–2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या–3
21.श्याम,काले रंग का–2
22.देह, तन, बदन–2
23.चुनना, छांटना–3
24.रघुवीर, सियावर–2
26.जलजला–3
27.कोलाहल–2
28.अवरोध–2
29.दलदल–3
30.पत्नी का भाई–2
31.रिवाज, रस्म–2
32.कक्ष, रूम–3
33.गधा, गर्दभ–2
34.जनकपुत्री–2
36.वोट, राय–2
37.विजय–2
38.मां का भाई–2
39.मूल्य–2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई–2
2.दम, ताकत–2
3.यमराज–2
4.सोना, निद्रा लेना–3
5.धूल, मिट्टी–2
6.शारीरिक ऊंचाई–2
7.बल, दम–2
8.पहचानना–3
9.बंधक–2
10.मोमबत्ती (उर्दू–2)
11.विवश–3
12.भीगा हुआ–2
13.क्रीड़ा–2
14.सहमत–3
15.फंदा–2
16.प्राण–2
17.आकांक्षा–3
18.लॉक–2
19.प्रकृति,धन–2
20.धावक–3
21.कार्य–2
22.सवारी गाड़ी–2
23.जंगल–3
24.झगड़ा–2
25.सरल–2
26.कूड़ा–3
27.अंगारा–2
28.वार्तालाप–2
29.दाम, मूल्य–3
30.सारांश–2
31.खाली–2
32.थोड़ा–2
33.पत्र, चिट्ठी–2
34.हद–2
35.बल, ताकत–2

**शब्द पहेली- 5459 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | य |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | य | ल |

## सूडोकु नवताल - 5471

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5470 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

65 दिन में खेले जाएंगे 74 मुकाबले

28 मई को खिताबी महामुकाबला

# संन्यास की अटकलें, 16 साल से खिताब की कसक, दूसरी जिंदगी और आईपीएल में दिखेगा कप्तानी छिनने का दर्द

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिए काफी होंगी।

कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नए सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी।

## धोनी ने फिर किया हैरान



सभी को हैरान करने वाले फैसले लेने में माहिर धोनी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल के उद्घाटन मैच की पूर्व संध्या पर कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। अब सीएसके की कमान रुतुराज गायकवाड़ के हाथ में होगी। धोनी से हालांकि जब यह पूछा जाएगा कि क्या यह उनका आखिरी टूर्नामेंट है तो शायद एक बार फिर वह मुस्कुराकर रह जाएंगे।

## रोहित अब कप्तान नहीं






अपने बिंदास मुंबइया अंदाज के पीछे दर्द छिपाने वाले रोहित वानखेड़े स्टेडियम पर उतरेंगे लेकिन इस बार कप्तान नहीं होंगे। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी जिसके लिए वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं।

## पंत की वापसी



धोनी के वारिस माने जाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पंत भयावह कार दुर्घटना में जीवनदान पाकर मैदान पर लौट रहे हैं और दुनिया को दिखाना चाहेंगे कि उनकी बाजुओं में अभी भी वही दम है।




### हार्दिक से खिताब की आस

2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिए मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जाएंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी।

### खिताब का इंतजार

आरसीबी के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनाएं लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिए दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा।

### लखनऊ, दिल्ली, गुजरात राजस्थान और हैदराबाद दोहराएंगे प्रदर्शन

लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

### गंभीर की वापसी



केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है।

## खबर संक्षेप



### स्मृति, रिचा हंड्रेड के ड्राफ्ट में शामिल

**लंदन।** महिला प्रीमियर लीग विजेता कप्तान स्मृति मंधाना और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ही वे भारतीय क्रिकेटर हैं जिन्हें 'द हंड्रेड' के ड्राफ्ट में चुना गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को डब्ल्यूपीएल खिताब दिलाने वाली मंधाना को सदर्न ब्रेव वुमेंस ने चुना जबकि रिचा को बर्मिंघम फीनिक्स वुमेंस ने चुना है। मंधाना ने डब्लूपीएल में 10 मैचों में 300 रन बनाए जबकि रिचा ने दस मैचों में 142 के स्ट्राइक रेट से 257 रन जोड़े।


### ओलंपिक में शरत कमल होंगे भारत के ध्वजवाहक

**नई दिल्ली।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे, जबकि दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को गुरुवार को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने यह घोषणा करते हुए बयान में कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी 'ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है।' कमल ने पीटीआई से कहा, ''पिछले तीन सप्ताह अविश्वसनीय रहे। ओलंपिक में जगह पक्की न होने से लेकर सिंगापुर में पिछले सप्ताह किए गए प्रदर्शन, रैंकिंग में 54 पायदान की छलांग लगाना और अब ध्वजवाहक नियुक्त किया जाना।''

### स्विस ओपनः त्रीसा-गायत्री जीते, तनीषा-अश्विनी बाहर

**बासेल (स्विट्जरलैंड)।** त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने गुरुवार को यहां हमवतन प्रिया कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा को सीधे गेम में हरा कर स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता और यहां आठवीं वरीयता प्राप्त त्रीसा और गायत्री की जोड़ी को जीत के लिए किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने प्रिया और श्रुति को 36 मिनट में 21-10, 21-12 से हराया। त्रीसा और गायत्री का अगले दौर में ऑस्ट्रेलिया की सेत्याना मापासा और एंजेला यू से मुकाबला होगा। तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की दुनिया की 20वें नंबर की की जोड़ी।

## मर्रे ने मियामी ओपन के दूसरे दौर में बनाई जगह




एजेंसी ▸▸ मियामी गार्डन्स

एंडी मर्रे ने एक और मैराथन मुकाबला जीतते हुए इटली के माट्टेओ बेरेटिनी को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली।

इस सत्र में एटीपी टूर पर पहला मैच खेल रहे बेरेटिनी अच्छी शुरुआत के बाद लय कायम नहीं रख सके। दूसरे सेट में उन्हें मेडिकल सहायता भी लेनी पड़ी। दूसरा सेट गंवाने के बाद वह कोर्ट से चले गए लेकिन वापस आकर दो घंटे 49 मिनट तक चला मैच खत्म किया। मर्रे ने आस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के पहले दौर में साढ़े चार घंटे तक चला मुकाबला 6-3, 6-3, 4-6, 6-7, 7-6 से जीता था। महिला वर्ग में दो बार की अमेरिकी ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका ने एलिसाबेट्टा कोसियारेट्टो को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना 15वीं रैंकिंग वाली एलिना स्वितोलिना से होगा। पुरुष वर्ग में डेनिस शापोवालोव ने लूसियानो डारडेरी को 6-3, 6-7, 6-4 से हराया। वहीं मार्टिन डैम जूनियर ने चीन के झांग झिजेन को 7-6, 7-6 से मात दी।

## अशोक, परमजीत को पैरालंपिक कोटा



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ठाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं 49 किलो वर्ग में परमजीत ने 160 और 166 किलो वजन उठाया और मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गए।

### अंश ने रचा इतिहास

## फ्यूचर कैटिगरी का जीता खिताब

**मुंबई।** ग्यारह वर्षीय अंश नेरुरकर प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी हासिल किया। नेरुरकर ने नौ दौर की प्रतियोगिता में आठ अंक बनाए। उन्होंने इस दौरान सात बाजियां जीती जबकि दो बाजियां ड्रॉ खेली। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 132 रेटिंग अंक मिले



जिससे उनके कुल अंक की संख्या 1786 हो गई है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार नेरुरकर ने इसके साथ ही कैंडिडेट मास्टर प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया। उन्होंने अपने करियर में अभी तक 163 जीत दर्ज की हैं जबकि 47 बाजियां ड्रॉ खेली हैं। इस बीच उन्हें 68 बाजियों में हार का सामना भी करना पड़ा।

## धोनी के अलावा किसी और कप्तान के लिए तैयार नहीं थी सुपर किंग्स


एजेंसी ▸▸ चेन्नई




चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि 2022 में रविंद्र जडेजा को कप्तान बनाने के बावजूद उनकी टीम महेंद्र सिंह धोनी के अलावा किसी कप्तान के लिए तैयार नहीं थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल 2024 के पहले मैच की पूर्व संध्या पर सीएसके की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ को सौंपी गई। चेन्नई की कप्तानी 2022 में जडेजा को सौंपी गई थी लेकिन टीम के नाकाम रहने पर फिर धोनी को कप्तान बनाया गया।

फ्लेमिंग ने कहा, 'हम 2022 में एम एस की कप्तानी से अलग होने के लिए तैयार नहीं थे। धोनी को क्रिकेट की जबर्दस्त समझ है लेकिन हम युवा खिलाड़ियों को इस भूमिका के लिए तैयार करना चाहते थे। इस बार हम तैयार हैं। पिछली बार एमएस ने कप्तानी छोड़ी तो हम स्तब्ध रह गए थे क्योंकि हम इसके लिए तैयार नहीं थे। इस बार हमें पता था। हम नए कप्तान तैयार करने पर मेहनत कर रहे थे। युवाओं पर भरोसा करने का फायदा मिला है। मैंने रुतुराज से कप्तानी के बारे में बात की है। उसके लिए यह शानदार मौका है।'

## लखनऊ ब्रिगेड ने किए रामलला के दर्शन









**लखनऊ।** दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज, भारत के रवि बिश्नोई और दीपक हुड्डा समेत लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाड़ियों ने इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सत्र से पहले बृहस्पतिवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। लखनऊ को आईपीएल में 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जयपुर में पहला मैच खेलना है। लखनऊ सुपर जाइंट्स द्वारा जारी बयान के मुताबिक कोच जस्टिन लैंगर व जोंटी रोड्स के साथ टीम के सहायक कोच एस श्रीराम, खिलाड़ी यश ठाकुर, प्रेरक मांकड़, मयंक यादव, रवि बिश्नोई, दीपक हुड्डा भी अयोध्या गए थे। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर और दक्षिण अफ्रीका20 लीग में लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम डरबन सुपर जाइंट्स के कप्तान केशव महाराज भी साथ थे, जो भगवान राम के अनन्य भक्त हैं।

### बीसीसीआई ने एक पद के लिए मंगाया है आवेदन

## मिथुन, निखिल चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर



क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है। पंजाब के पूर्व क्रिकेटर और सितंबर 2021 से जूनियर चयन समिति के सदस्य कृष्ण मोहन ने भी सीनियर चयन समिति का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है। भारत के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 25 जनवरी थी लेकिन शुक्रवार से आईपीएल शुरू होने के कारण बोर्ड के पास यह पद भरने के लिए अभी काफी समय है।

### सलेक्टर के लिए योग्यता

बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा, 'चयनकर्ता बनने की दौड़ में कुछ मजबूत उम्मीदवार हैं। इनमें मिथुन, चोपड़ा और मोहन भी शामिल हैं।' मिथुन ने अपने करियर में 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं तथा वह 2010 से लेकर 2014 तक आईपीएल का हिस्सा भी रहे। चोपड़ा ने भारत की तरफ से एक टेस्ट और 39 वनडे मैच खेले हैं। इस पद के लिए वही खिलाड़ी आवेदन कर सकता है जिसने कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। उस खिलाड़ी के नाम पर भी विचार किया जाएगा जिसको कम से कम 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने का अनुभव हो।

## रॉयल्स के स्पिनर एडम जंपा आईपीएल से हटे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर एडम जंपा निजी कारणों से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हट गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर जंपा को राजस्थान रॉयल्स ने पिछले साल की नीलामी से पहले 1.5 करोड रुपए में अपनी टीम में बनाए रखा था। उनके मैनेजर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से जंपा के आईपीएल से हटने की पुष्टि की। रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के साथ जंपा राजस्थान रॉयल्स के तीन शीर्ष स्पिनरों में शामिल थे। जंपा के हटने से राजस्थान रॉयल्स का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर होगा। उसके तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा चोटिल होने के कारण पहले ही आईपीएल से बाहर हो गए थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109





## भारत को मिला अमेरिका का साथ, ड्रैगन को लगा दी जमकर फटकार

# अमेरिका ने चीन को चेताया, कहा अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश पर चीनी बयानों के खिलाफ भारत का समर्थन किया है। अमेरिकी विदेश विभाग के डिप्टी स्पोक्सपर्सन ने कहा कि अरुणाचल भारत का हिस्सा है और वो वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पार चीन के किसी भी इलाके पर दावे का विरोध करते हैं। अमेरिका ने यह बात चीन के अरुणाचल पर दावे वाले बयान के बाद कही है।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9-10 मार्च को अरुणाचल का दौरा किया था। उन्होंने यहां 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला टनल का इनॉगरेशन किया था। चीन ने 11 मार्च को इसका विरोध करते हुए अरुणाचल को अपना हिस्सा बताया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के डिप्टी स्पोक्सपर्सन वेदांत पटेल ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा- अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है।

> *अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देते हुए चीन को फटकार लगाई है। अमेरिका ने कहा कि हम अरुणाचल को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देते हैं और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार के हिस्सा पर चीन के दावे को गलत ठहराते हैं। चीन कई दफा अरुणाचल को अपना हिस्सा बता चुका है।*

### यहां किसी भी तरह की घुसपैठ गलत

*यहां किसी भी तरह की घुसपैठ गलत है और हम वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार सैन्य, नागरिक घुसपैठ या अतिक्रमण से किसी भी क्षेत्र पर होने वाले दावों के एकतरफा प्रयास का विरोध करते हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम सैन्य या नागरिक द्वारा घुसपैठ या अतिक्रमण का पूरा विरोध करते हैं।*

## अमेरिका ने चीन को लगाई लताड़

इस सप्ताह की शुरुआत में, चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है और बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता। इसी बयान पर अब अमेरिका ने चीन को लताड़ लगाई है। दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है और इसी दावों के तहत नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है।

### भारत बोला- अरुणाचल हमारा हिस्सा था, है और रहेगा

*चीन के बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा था- पीएम नरेंद्र मोदी समय-समय पर राज्यों का दौरा करते रहते हैं। ऐसे दौरों या विकास योजनाओं का विरोध नहीं किया जा सकता। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। हम चीन के सामने यह बात पहले भी कई बार रख चुके हैं।*

**पीएम ने सुरंग का किया था उद्घाटन**

9 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। ये सुरंग रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को कनेक्ट करता है।






## हड़कंप: एक ही नंबर की 2 दो एसयूवी बरामद, जांच में जुटी कई एजेंसियां



**एजेंसी:नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के लुटियंस इलाके में बीते सोमवार को हडकंप मच गया था। लुटियंस इलाके में स्थित तुगलक रोड के हाई सिक्यॉरिटी जोन में 18 मार्च को एक ही नंबर की दो एसयूवी कारों को पुलिस ने पकड़ा था। सबसे पहले दोनों कारों को वीआईपी सिक्योरिटी में शामिल सुरक्षाकर्मियों ने देखा था और इसके बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस को सूचना दी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आईपीसी की धारा 482 और 471 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और सिल्वर गाड़ी का मालिक फरीदाबाद का रहने वाला है। जैसे ही 18 मार्च शाम 6:19 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए शिकायत मिली, तुरंत पुलिस ने दोनों कारों को कब्जे में ले लिया। इसके बाद कारों की जांच की गई लेकिन उसमे से कुछ बरामद नहीं हुआ।